www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –11 । अंक–50 । सागर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

कांग्रेस का कृषि उपज मंडी में प्रदर्शनः पराली जलाने पर एफआईआर, ई.टोकन व्यवस्था का किया विरोध — पृष्ठ 2

ईरान का अद्भुत जज्बा दुनिया के लिए मिसाल
न्यायपालिका में ए. आई. के उपयोग की संभावनाएं — पृष्ठ 4

नगरपालिका अध्यक्ष पप्पू मलिक पद से बर्खास्त — पृष्ठ 6

सागर के इतिहास में शिक्षकों द्वारा निकाली गई विशाल रैली — पृष्ठ 8

## युद्धविराम के कुछ घंटे बाद ही ईरान ने किया बड़ा धमाका

# यूएई-कुवैत पर मिसाइल और ड्रोन अटैक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच 28 फरवरी से जारी जंग के बाद बुधवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया गया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अपील के बाद दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी है. लेकिन लगता है कि यह सीजफायर एक दिन भी नहीं टिक पाया।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का कहना है कि ईरान की ओर से अभी भी मिसाइलें दागी जा रही हैं. यूएई ने कहा कि वह ईरान की ओर से आने वाली मिसाइलों की बौछार को रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई कर रहा है. यूएई का कहना है कि उनका एयर डिफेंस ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोकने के लिए सक्षम हैं. यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब कुछ ही घंटों पहले ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम हुआ था. हालांकि, यूएई ने यह स्पष्ट नहीं किया कि हमला किस जगह पर हो रहा है।



कुवैत की सेना ने कहा कि सुबह आठ बजे से ईरानी ड्रोन हमलों से निपटा जा रहा है. सेना ने बताया कि उसने कई ड्रोन को मार गिराया, जिनमें से कुछ दक्षिणी क्षेत्र में महत्वपूर्ण तेल प्रतिष्ठानों और बिजली स्टेशनों को निशाना बना रहे थे, जिससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है. वही, ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने लावन रिफाइनरी में विस्फोट की खबर दी. ईरान के लावन आईलैंड पर एक तेल रिफाइनरी में बड़ा धमाका हुआ है. सीजफायर के बाद ईरान में धमाके की ये पहली घटना है. अभी विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# ट्रंप ने 2 हफ्तों के युद्धविराम किया ऐलान, ईरान ने भी जताई सहमति

- शहबाज, मुनीर से बातचीत के बाद ट्रंप का ऐलान
- ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने को राजी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे दो हफ्तों के लिए ईरान पर बमबारी रोकने पर सहमत हो गए हैं। यह सहमति उनकी डेडलाइन की रात 8 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 5.30 बजे) की समय सीमा से दो घंटे से भी कम समय पहले बनी। ट्रंप ने डेडलाइन पूरी होने पर पूरी सभ्यता को तबाह करने की धमकी दी थी। वाइट हाउस ने कहा है कि इजरायल ने भी इस अस्थायी युद्धविराम पर सहमति जताई है।

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल मीडिया पर दो हफ्तों के युद्धविराम समझौते की जानकारी दी और कहा कि यह समझौता इस शर्त पर किया गया है कि ईरान, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से पूरी तरह खोलने पर सहमत हो। ट्रंप की घोषणा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के उस प्रस्ताव के बाद आई है, जिसमें उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत के लिए संघर्ष-विराम का सुझाव दिया था।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ हुई बातचीत के आधार पर- जिसमें उन्होंने मुझसे अनुरोध किया था कि मैं आज रात ईरान भेजे जा रहे विनाशकाली बल को रोक लूं- और इस शर्त पर कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह, तुरंत और सुरक्षित रूप से खोलने पर सहमत हो, मैं दो हफ्ते की अवधि के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को रोकने पर सहमत हूं। यह एक दो-तरफा युद्धविराम होगा।'

युद्धविराम की वजह बताते हुए ट्रंप ने आगे कहा, 'ऐसा करने का कारण यह है कि हमने अपने सभी सैन्य उद्येश्यों को पहले ही पूरा कर लिया है और उनसे आगे भी निकल गए हैं। साथ ही हम ईरान के साथ दीर्घकालिक शांति और मध्य-पूर्व में शांति सुनिश्चित करने वाले एक निर्णायक समझौते की दिशा में काफी आगे बढ़ चुके हैं।'

### इजरायल भी हमले रोकने पर सहमत

ट्रंप ने आगे लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर यह उनके लिए गर्व की बात है कि एक लंबे समय से चली आ रही यह समस्या अब समाधान के बेहद करीब है। वॉइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ष्टहह को बताया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से किए गए दो हफ्ते के सीजफायर का इजरायल की भी हिस्सा है। अधिकारी ने बताया कि इजरायल भी बातचीत जारी रहने तक बमबारी रोकने पर समहत हो गया है।

### दोनों देशों ने पाकिस्तान को कहा शुक्रिया

## कल से इस्लामाबाद में आगे की बातचीत करेंगे

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान दोनों ने पाकिस्तान की भूमिका की तारीफ़ की है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश अमेरिका के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम के लिए सहमत हो गया है और इस दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों को सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। श्री अराघची ने युद्धविराम समझौता करवाने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर के प्रति आभार व्यक्त किया। अमेरिका और ईरान 10 अप्रैल से इस्लामाबाद में युद्धविराम पर आगे की बातचीत करेंगे।'

### पाकिस्तान ने जो काम किया, वो भारत को करना चाहिए था : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनने के बाद कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने पाकिस्तान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जो काम भारत सरकार को करना चाहिए था, वह काम पाकिस्तान ने करके दिखाया है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि युद्ध पर पूरी दुनिया की नजर थी। दुनिया चाहती थी कि युद्ध विराम हो। पाकिस्तान, तुर्की तथा सऊदी अरब की कोशिशों से अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो काम भारत सरकार को करना चाहिए था, वह पाकिस्तान ने करके दिखाया है। भारत की विदेश नीति सबसे ज्यादा फेल हुई है। उन्होंने दावा किया कि सीजफायर का क्रेडिट पाकिस्तान को जा रहा है।

# रेत माफिया ने वन रक्षक को ट्रैक्टर से कुचला, मौके पर हुई मौत



**मुरैना, एजेंसी।** रेत माफिया के अवैध परिवहन कर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर बुधवार सुबह हमला हो गया. बदमाशों ने वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया. रेत माफिया ने वन आरक्षक को ट्रैक्टर से कुचल दिया. वन आरक्षक हरकेश गुर्जर के सिर पर ट्रॉली का पहिया चढ़ गया, मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घटना दिमनी थाना इलाके में रानपुर गांव चौराहे के पास की है. पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिश्चंद बघेल मौके पर पहुंचे. पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है. वन आरक्षक के शव को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम मौके पर कार्रवाई करने पहुंची थी. वन विभाग की टीम को देख ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की. इस दौरान वन आरक्षक हरकेश गुर्जर उसे रोकने के लिए आगे बढ़े. ड्राइवर विनोद ने उन्हें कुचल दिया. ट्रॉली का पहिया आरक्षक के सिर पर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई।

एडिशनल एसपी सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा दिमनी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है.शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है. इलाके में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है. आरोपी की तलाश की जा रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लगी प्रस्ताव पर मुहर

## उर्वरकों पर 41,533 करोड़ के सब्सिडी पैकेज को मंजूरी

**उर्वरकों पर सब्सिडी का युक्तिकरण किया जाएगा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने किसानों के लिए खरीफ मौसम में उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी में 4317 करोड़ रुपए की बढोतरी करते हुए 41,533 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उर्वरक विभाग के इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह सब्सिडी पैकेज खरीफ मौसम यानी एक अप्रैल से 30 सितम्बर तक के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों मे दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 41,533.81 करोड़ रुपए होगी जो पिछले वर्ष के खरीफ मौसम की बजटीय आवश्यकता से लगभग 4,317 करोड़ रुपए अधिक है। खरीफ 2025 का बजट 37,216.15 करोड़ रुपए था। श्री वैष्णव ने कहा कि किसानों को सब्सिडी दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सस्ती, किफायती और उचित कीमतों पर सुनिश्चित की जाएगी।

## सार-समाचार

### बड़वानी में भूकंप के हल्के झटके, किसी प्रकार का नुकसान नहीं

**बड़वानी/भोपाल देशबन्धु।** बड़वानी में बुधवार दोपहर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। दोपहर 12:48 बजे आए इस झटके की तीव्रता 3.8 दर्ज की गई। झटके हल्के होने के कारण कहीं से भी किसी प्रकार के जन-धन हानि की सूचना नहीं मिली है। झटकों के दौरान कुछ देर के लिए लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए, हालांकि स्थिति सामान्य बनी रही और किसी तरह की दहशत नहीं फैली। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि बदलते जलवायु और पर्यावरणीय असंतुलन के प्रभाव अब विभिन्न रूपों में देखने को मिल रहे हैं। उनका मानना है कि समय रहते पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रयास करना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसे प्राकृतिक घटनाओं के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके।

### हिमंता के खिलाफ युवा कांग्रेस का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवा कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में यह प्रदर्शन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर पर असम पुलिस की कार्रवाई के विरोध में आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री चिब ने श्री सरमा की भाषा को 'अस्वीकार्य और शर्मनाक' बताते हुए कहा कि यह न केवल कांग्रेस अध्यक्ष का, बल्कि दलित समाज का भी अपमान है।

### कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मेरठ से तीन बार सांसद रहीं मोहसिना किदवई का बुधवार को निधन हो गया। 93 साल की उम्र में किदवई ने बुधवार सुबह चार बजे अस्पताल में आखिरी सांस ली। नोएडा के सेक्टर 40 स्थित आवास से मोहसिना किदवई की अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे निकलेगी। मोहसिन किदवई के निधन पर कई राजनेताओं ने शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शोक जताया है।

### ममता बनर्जी ने भवानीपुर से नामांकन दाखिल किया

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने गृह क्षेत्र भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र में प्रस्तावकों की सूची में सभी वर्गों के लोगों को शामिल किया गया है। ममता बनर्जी के नामांकन पत्र में प्रस्तावकों में कोलकाता के महापौर फिरहाद हकीम की पत्नी इस्मत हकीम , अभिनेत्री से राजनीतिज्ञ बनीं और तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य कोयल मल्लिक के पति निशपाल सिंह राणे, स्थानीय तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बबलू सिंह और भाबानीपुर शिक्षा समिति के प्रतिनिधि मिराज शाह शामिल हैं।

### गगनयान से पहले होंगे तीन मानवरहित मिशनः इसरो प्रमुख

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान से पहले तीन मानवरहित (अनक्रूड) मिशन भेजे जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय 'स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस' सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में नारायणन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशों और घोषणाओं के आधार पर गगनयान कार्यक्रम पर काम जारी है। उन्होंने कहा, 'क्रूड मिशन से पहले तीन अनक्रूड मिशन निर्धारित किए गए हैं।

### एनसीआर में वर्षों बाद 'ग्रीन जोन' में पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लोगों को वर्षों बाद साफ और ताजी हवा का अनुभव हो रहा है। लगातार हो रही बारिश, आंधी और तेज हवाओं के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। कई इलाकों में एक्यूआई 'ग्रीन जोन' और 'संतोषजनक' श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे लोगों को पहाड़ों जैसी ताजगी का एहसास हो रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में एक्यूआई काफी बेहतर स्थिति में दर्ज किया गया। अलीपुर में एक्यूआई 83, आनंद विहार में 112, अशोक विहार में 86, बवाना में 89, बुराड़ी क्रॉसिंग में 75, कैंटोनमेंट एरिया में 72 और चांदनी चौक में 104 दर्ज किया गया।

# खेड़ा ने जारी किया नया वीडियो, सरमा परिवार पर फिर साधा निशाना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइंया सरमा को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने जो आरोप लगाए थे, उसे लेकर बवाल थम नहीं रहा है. असम पुलिस ने पवन खेड़ा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और उन्हें गिरफ्तार करने भी पहुंची थी लेकिन वह मिले नहीं. अब पवन खेड़ा का नया वीडियो आया है. इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि जनता देख रही है कि पिछले दो दिन से असम के मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री क्या-क्या हथकंडे अपना रही है।

उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं या उनको लगता है कि मैं गया हुआ हूं, वहां ये पुलिस भेज रहे हैं. सवाल ही तो उठाए हैं कांग्रेस पार्टी ने. आप मुझे चुप क्यों करवाना चाहते हैं? सवाल पूछे हैं, जवाब दीजिए. हम कहते हैं ये कागज और जानकारी आई है, इसकी जांच कीजिए. आप जवाब देने की जगह गाली दे रहे हो. पुलिस छोड़ रहे हो. आप डराने की कोशिश कर रहे हैं. आपकी आदत डराने की हो सकती है लेकिन हमारी आदत डरने की नहीं है. क्योंकि मैं मेवाड़ का हूं, कांग्रेसी हूं, राहुल गांधी का सिपाही हूं। उन्होंने कहा कि जो कागज हमारे पास आए और वेबसाइट के नाम बताए, वो हमने सबके साथ साझा किया. हम तो यही उम्मीद करते हैं कि आप जांच बैठाएं। पवन खेड़ा ने कहा कि अब कुछ और जानकारियां आई हैं. सवाल आपके आईटी सेल ने उठाए थे. ये तारीख इसलिए 6 अप्रैल की आई है, क्योंकि जब नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट रिवोक हो जाती है, जितनी भी जानकारी प्राइवेट थी, वो पब्लिक हो जाती है. तो तारीख उसकी होती है. फाइलिंग और इनकॉर्पोरेशन में फर्क होता है. ये फाइलिंग की तारीख नहीं है. मैं इनकॉर्पोरेशन की बात पूछ रहा हूं। उन्होंने कुछ कागजात दिखाते हुए कहा कि मिस्त्र के पासपोर्ट, एंटिगुआ-बारबाडोस के पासपोर्ट और यूएई के गोल्डन वीजा की बात सही है या गलत, इसकी जांच होनी चाहिए. खेड़ा का कहना है कि सरमा और उनकी पत्नी की संपत्तियों से जुड़े सवालों का जवाब असम के मुख्यमंत्री को देना चाहिए।

### आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर रखा बरकरार

## पश्चिम एशिया संकट से महंगाई बढ़ने की आशंका

**जीडीपी वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहेगी**

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पश्चिम एशिया संकट के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित होने और खुदरा महंगाई बढ़ने की आशंका जाहिर करते हुए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को समाप्त बैठक में नीतिगत दरों को स्थिर रखने तथा 'इंतजार करो और नजर रखो' की नीति अपनाने का फैसला किया। एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का निर्णय किया। साथ ही अपना रुख तटस्थ बनाए रखा है। साथ ही स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगी। चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में सात प्रतिशत और चौथी तिमाही में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# असम, केरल और पुडुचेरी में आज मतदान

- असम की 126 , केरल की 140 व पुडुचेरी की 30 सीटों पर डाले जाएंगे वोट
- प्रत्येक मतदान केंद्र पर 750 से 850 मतदाता होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 296 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए गुरुवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई है। असम की 126 , केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों के लिए कल वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा। चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिये गये हैं और आयोग मतदान-केंद्रो पर मतदाताओं का स्वागत करने के लिए तैयार है।

चुनाव आयोग के मुताबिक औसतन प्रत्येक मतदान केंद्र पर 750 से 850 मतदाता होंगे, लेकिन किसी भी मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे। असम में 2,50,21,408 मतदाताओं के लिए कुल 28,205 मतदान केंद्र स्थापित किये गये हैं। केरल में 2,71,06,059 मतदाता हैं जिनके लिए 30,471 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। वहीं पुडुचेरी में 9,44,539 मतदाता 1,099 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर छाया और पेयजल के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

आयोग ने इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर पर मतदान करने की सुविधा प्रदान की है तथा उनके लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। असम में कुल 722 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। केरल विधानसभा चुनाव के लिए 140 सीटों पर 890 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 2.71 करोड़ हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 ट्रांसजेंडर हैं। पुडुचेरी में कुल 9.44 लाख मतदाता हैं, जिनमें लगभग 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। राज्य में मतदान के दौरान सुरक्षा के लिए करीब 3,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जिनमें पुडुचेरी पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और कर्नाटक पुलिस की विशेष टीम शामिल है।

### मुख्यमंत्री ने जबलपुर से शुरू किया गांव-बस्ती चलो अभियान

# भाजपा में राष्ट्र प्रथम और कांग्रेस में तुष्टिकरण की राजनीति

**भोपाल/जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर के मानस भवन में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के तहत गांव-बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव के तहत कार्य करते हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता तुष्टिकरण प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भाजपा आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। कांग्रेस ने किसानों के साथ इतने पाप किया है कि कांग्रेस पार्टी की दो पीढ़ियां भी माफी मांगें तो भी कम है। भाजपा ने जनसंघ से लेकर आज तक अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। जन उद्देश्यों को लेकर जनसंघ का गठन किया गया था, हम आज भी उसी विचारधारा को लेकर देश और जनता की सेवा कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस की अपनी स्वयं की कोई विचारधारा नहीं है। देश की आजादी के बाद पंडित मदन मोहन मालवीय जब वाराणसी में काशी हिंदू विश्व विद्यालय की स्थापना करा रहे थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोमनाथ मंदिर से लेकर अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के मंदिर को लेकर क्या कर रहे थे, देश जानता है। भाजपा ने सनातन संस्कृति के भाव से कभी समझौता नहीं किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा कि भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हुए अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की जिंदगी संवारने का कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है।

**वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का किया सम्मान:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गांव-बस्ती चलो अभियान का शुभारंभ अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयराज पटैरिया, सुरेश देशपाण्डे, आनंद बर्नाड, राजकुमार मेहता, गोकुल केसरवानी, सत्यप्रकाश खरे, विजय बर्मन, वीरेन्द्र गिरी गोस्वामी, कमल गुमास्ता एवं रामप्रकाश गर्ग का सम्मान किया।

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, सुमित्रा बाल्मीकि, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, जिला प्रभारी आलोक संजर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री व विधायक अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजकुमार पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, मनोरमा पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज मंचासीन रहे।

## सार-समाचार

### नॉन वेज होटल व फालूदा, आईसक्रीम दुकानों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने शहर में नॉन वेज होटल एवं फालूदा, आईसक्रीम विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की कार्यवाही मीट मार्केट स्थित अकबर होटल एवं सिनेमा रोड स्थित श्रीनाथ फालूदा आईसक्रीम पर की गई। मौके पर अकबर होटल के परिसर से चिकिन बिरयानी के नमूनें जांच हेतु लिये। अकबर होटल से खराब खाना ग्राहकों को परोसने की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। खाद्य परिसर में मौके पर अनेक कमियों के पाये जाने पर धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया। इसी तरह सिनेमा रोड स्थित श्रीनाथ फालूदा आईसक्रीम विक्रय दुकान से फालूदा एवं कुल्फी के नमूनें जांच हेतु लिये। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### पुलिस ने अपहृत 3 नाबालिग बालक बालिकाओं को सकुशल परिजनों को सौंपा

**सागर, देशबन्धु।** थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 3 अलग-अलग प्रकरणों में अपहृत, गुम नाबालिग बालक-बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया। 8 अप्रैल को थाना मोतीनगर में दर्ज अपराध में अपहृत 13 वर्ष 8 माह के बालक, 16 वर्ष 2 माह की नाबालिग बालिका एवं 14 वर्ष 7 माह की नाबालिग बालिका की दस्तयाबी हेतु थाना प्रभारी मोतीनगर द्वारा विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही की गई। पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास मुखबिर सूचना एवं तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग से तीनों नाबालिगों को कम समय में सकुशल बरामद किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत तीनों को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिस टीम द्वारा त्वरित रिस्पॉन्स, समन्वय एवं तकनीकी संसाधनों के उपयोग से यह सफलता प्राप्त हुई है। भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, प्रभुदयाल सिंह ठाकुर, माधव सिंह, भारत सिंह, नदीम शेख, महेंद्र, राहुल की भूमिका रही।

### जनगणना 2027 और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार हेतु प्रशासन सक्रिय

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संदीप जीआर द्वारा जनगणना 2027 एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार प्रसार को लेकर सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स के साथ बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों तक सटीक, सरल एवं समयबद्ध जानकारी पहुंचाना रहा, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनसंचार का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है, जिसका उपयोग सकारात्मक दिशा में करते हुये जनजागरूकता बढ़ाई जाये। जनगणना.2027 देश के विकास की आधार शिला है, जिसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े भविष्य की नीतियों एवं योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने इन्फ्लूएंसर्स से कहा कि वे अपने-अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी, जैसे स्व.गणना प्रक्रिया, तिथियां एवं आवश्यक निर्देश, आमजन तक पहुंचायें और उन्हें भागीदारी के लिये प्रेरित करें। अपर कलेक्टर ने कहा कि सही जानकारी का प्रसार ही जनभागीदारी को बढ़ाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसलिये सभी का दायित्व है कि वे तथ्यात्मक एवं प्रमाणिक जानकारी साझा करें। बैठक में जनसंपर्क विभाग द्वारा जनगणना.2027 एवं विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए तैयार की जा रही रणनीति की जानकारी दी गई। साथ ही इन्फ्लूएंसर्स से सुझाव प्राप्त कर उन्हें आवश्य जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एवं अपर कलेक्टर अविनाश रावत, भोपाल से आये मास्टर ट्रेनर, जनसंपर्क से मनोज एवं सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स के सदस्य मौजूद थे।

# कांग्रेस का कृषि उपज मंडी में प्रदर्शन: पराली जलाने पर एफआईआर, ई.टोकन व्यवस्था का किया विरोध



**बीना, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को कांग्रेस ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नायब तहसीलदार हेमराज मेहर को ज्ञापन सौंपा। मंडी में बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुये और उन्होंने अपनी समस्याओं को उठाया। किसानों ने पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज करने के सरकारी निर्णय का विरोध किया। उनका कहना था कि यह निर्णय कठोर और अव्यवहारिक है। किसानों ने तर्क दिया कि बिना पर्याप्त तैयारी, प्रशिक्षण और आवश्यक यंत्रों की उपलब्धता के किसानों पर एफआईआर दर्ज करना अनुचित है। उन्होंने इस निर्णय को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने उर्वरक वितरण के लिये लागू की गई ई.टोकन व्यवस्था को भी अव्यवहारिक और अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के लिये फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है, लेकिन यह काम अभी पूरी तरह से संपन्न नहीं हुआ है। किसानों ने मांग की कि जब तक फार्मर रजिस्ट्री का काम शत प्रतिशत पूरा नहीं हो जाता, तब तक ई.टोकन व्यवस्था को स्थगित किया जाये। उन्होंने बताया कि कृषि खाते, नौकरी या रोजगार के लिये क्षेत्र से बाहर रहने वाले कृषक और एक से अधिक तहसील या जिलों में भूमि रखने वाले किसानों की रजिस्ट्री में अभी भी कई समस्यायें और विसंगतियां आ रही हैं। प्रदर्शन में खुशी लाल अहिरवार, अनुराग ठाकुर, रामकिशन अहिरवार, शिवकुमार चढ़ार, रघुराज सिंह, गजराज सिंह, कैलाश अहिरवार, लक्ष्मण महाराज, आकाश, राजकुमार सिंह, जयकुमार, अजब, हरिराम और भगवान सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## जनसुनवाई के दौरान 75 वर्षीय बुजुर्ग का खोया बैग, पुलिस ने तलाशकर किया वापस



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस द्वारा जनसुनवाई के दौरान मानवीय संवेदनशीलता से परिपूर्ण कार्यवाही करते हुये 75 वर्षीय बुजुर्ग का महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग त्वरित प्रयासों से खोजकर सुरक्षित वापस किया। 7 अप्रैल को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक 75 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति अत्यंत भावुक एवं कांपती हुई स्थिति में पहुंचे। उन्होंने अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप को बताया कि वे आज सुबह 6 बजे इलाहाबाद से बस द्वारा सागर पहुंचे थे। बस स्टैंड से घर जाने के लिये ऑटो में बैठकर आ रहे थे, इसी दौरान तीनबत्ती क्षेत्र में ऑटो बदलते समय उनका बैग ऑटो में ही छूट गया, जिसमें उनके खेती संबंधी एवं बैंक के मूल ओरिजनल दस्तावेज रखे हुये थे। घटना की गंभीरता को समझते हुये तुरंत उप निरीक्षक आरकेएस चौहान को बुलाकर आवेदन सौंपा एवं निर्देशित किया कि बुजुर्ग के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को हर संभव प्रयास कर शीघ्रता से वापस दिलाया जाये। उप निरीक्षक चौहान द्वारा तत्काल कार्यवाही प्रारंभ की गई। कंट्रोल रूम में प्रधान आरक्षक उर्मिला एवं आरक्षक रचना अहिरवार को सीसीटीवी फुटेज खंगालने हेतु लगाया। साथ ही विभिन्न पुलिस एवं सोशल मीडिया ग्रुप्स में बैग संबंधी सूचना प्रसारित की गई, जिससे आमजन का सहयोग प्राप्त हो सके। सूचना देखने के बाद संबंधित ऑटो चालक द्वारा स्वयं कंट्रोल रूम में संपर्क कर बताया कि बैग उसके पास सुरक्षित है, परंतु वह उस समय रतौना क्षेत्र में होने के कारण स्वयं आने में असमर्थ है। तत्काल पुलिस स्टाफ को रतौना भेजकर उक्त बैग प्राप्त किया गया एवं कंट्रोल रूम लाकर बुजुर्ग को सौंपा गया। अपना बैग एवं दस्तावेज सुरक्षित वापस मिलने पर बुजुर्ग अत्यंत भावुक हो गये और उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर पुलिस की त्वरित कार्यवाही, संवेदनशीलता एवं जनसेवा भावना की सराहना की।

### कुत्ता भौंकने की शिकायत पर युवक को पीटा, 2 के खिलाफ मामला दर्ज

**खुरई, देशबन्धु।** जरवांस में कुत्ते के भौंकने की शिकायत करने पर एक युवक को उसके मालिक ने लोहे के पाइप और डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायल युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के भाई की रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना खुरई शहरी थाना क्षेत्र में हुई। घायल शिवराज पिता नवनीत राम चढार ने बताया कि जयपाल सिंह और राजपाल सिंह का कुत्ता अक्सर सड़क पर निकलने वाले लोगों पर भौंकता है और उन पर हमला करता है। बीती रात जब उनके बड़े भाई दीपक चढार खेत से घर लौट रहे थे, तब कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया था। दीपक ने घर आकर पूरी घटना बताई, जिसके बाद शिवराज उलाहना देने के लिए कुत्ता मालिक के घर गये। वहां जयपाल सिंह और राजपाल सिंह ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब शिवराज ने गाली देने से मना किया, तो दोनों ने मिलकर लोहे के पाइप से उनके सिर पर हमला कर दिया और डंडे से भी वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने घायल शिवराज को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दीपक चढार की रिपोर्ट के आधार पर खुरई शहरी थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों जयपाल सिंह और राजपाल सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि विवाद कुत्ते के काटने और भौंकने को लेकर हुआ था। फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई है।

## भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव की पूर्व संध्या निकलेगी वाहन रैली, 20 को निकाली जाएगी शोभायात्रा, तैयारियां जारी



**सागर, देशबन्धु।** भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर दो दिन परंपरागत रूप भव्य आयोजन होंगे तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक समाज के वरिष्ठ जनों की अगुवाई में आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते हुये पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के संभागीय अध्यक्ष पं. राजेंद्र प्रसाद पांडेय सानौधा ने कहा कि समाज भले ही अलग-अलग संगठनों में कार्य करता हो पर हमारे आराध्य का प्राकट्योत्सव सामूहिक सहभागिता से और प्रत्येक विप्र परिवार की उपस्थिति से ही मनाया जायेगा। शोभायात्रा 20 अप्रैल को सायं 4 बजे से रामबाग मंदिर से प्रारंभ होकर पद्माकर स्कूल नमकमंडी में समापन होगी जिसमें परंपरानुसार जैसी व्यवस्था होती है वो तैयारियां चल रही हैं। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने कहा 19 अप्रैल को सायं 4 बजे से वाहन रैली कालीचरण चौराहा सिविल लाइन से प्रारंभ होकर पूर्ववत मार्गो से निकाली जायेगी। वरिष्ठ शिक्षाविद पं. एमडी त्रिपाठी ने कहा कि हम यहां संकल्प ले कि अपने आसपास के विप्र परिवार को कार्यक्रम में शामिल होने प्रेरित करेंगे तभी उत्सव की भव्यता दिखाई देगी। संरक्षक पं. इंद्रजीत दुबे ने कहा सभी संगठन एक सूत्र में बंध जायें तो भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव ऐतिहासिक होगा ये हमे सागर से ही करके दिखाना है। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद तिवारी ने कहा 20 अप्रैल को परंपरागत प्रात: काल होने वाला पूजन अभिषेक हवन आदि पहलवान बब्बा मंदिर और पशुपतिनाथ मंदिर में होंगे। प्रतिभा चौबे ने कहा इस बार कोशिश की जाये महिलायें वाहन रैली, पूजन अभिषेक और शोभायात्रा सहित सभी कार्यक्रमों में शामिल हो। पं. राजेश पंडित और पं. रामचरण शास्त्री श्रीहरि ने आयोजन हेतु वार्ड प्रभारी बनाये जाने एवं आमंत्रण घर-घर पहुंचाये जाने हेतु सुझाव दिया, पं. विनोद शुक्ला और पं. दिनकर तिवारी ने युवाओं को प्रेरित करने आगे लाने का सुझाव दिया, सनाढ्य सभा के अध्यक्ष पं. राकेश दुबे सिदगुवां ने परशुराम प्राकट्योत्सव से पहले 18 अप्रैल को सभा द्वारा प्रदेश स्तरीय सर्व ब्राह्मण समाज सम्मेलन की जानकारी दी जिसमें भी सभी की उपस्थिति का अनुरोध किया। बैठक को सुरेंद्र रिछारिया, बालमुकुंद शास्त्री, राजेश पाराशर, रविंद्र अवस्थी आदि ने संबोधित किया। संचालन पं. अनिल दुबे ने किया, आभार पं. कमलेश तिवारी ने व्यक्त किया। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद, शातिर आरोपी गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** थाना प्रभारी गोपालगंज घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में थाना गोपालगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण का खुलासा कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। फरियादी संतोष कुशवाहा पिता जयराम कुशवाहा 32 वर्ष निवासी ग्राम हलऊ थाना खिमलासा जिला सागर द्वारा थाना गोपालगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 3 अप्रैल को वह अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्लस क्र. एमपी 04 एनआर 1447 से अपनी रिश्तेदार को इलाज हेतु तिली अस्पताल सागर लेकर आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल अस्पताल परिसर के गेट के पास पार्किंग में खड़ी कर लॉक कर दी थी, परंतु शाम लगभग 5 बजे वापस आने पर उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। रिपोर्ट पर थाना गोपालगंज में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा द्वारा टीम गठित की, टीम द्वारा तत्काल आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया। तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुये फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को ले जाते हुये चिन्हित हुआ। संदिग्ध के हुलिये की पहचान कर पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपने विश्वसनीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये अलग-अलग स्थानों पर निगरानी एवं तलाश अभियान प्रारंभ किया। परिणामस्वरूप पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गोवर्धन मंदिर के पास ग्राउंड के समीप एक व्यक्ति उसी हुलिये का पैशन मोटरसाइकिल लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजेन्द्र उर्फ शैतान यादव पिता तुलसीराम यादव 32 वर्ष निवासी ग्राम मैनपानी थाना सिविल लाइन बताया। प्रारंभिक पूछताछ में ही आरोपी ने उक्त मोटरसाइकिल तिली अस्पताल सागर की पार्किंग से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल क्र. एमपी 04 एनआर 1447 को जप्त किया, आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## शराब दुकान हटाने के लिए तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**जैसीनगर, देशबन्धु।** नगर में संचालित शराब दुकान को नगर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर बुधवार को नगरवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। दोपहर करीब 1 बजे बड़ी संख्या में महिलायें और पुरुष तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नारेबाजी करते हुये तहसीलदार प्रेमनारायण सिंह को ज्ञापन सौंपा। नगरवासियों का कहना है कि शराब दुकान घनी आबादी वाले क्षेत्र में संचालित हो रही है, जिससे महिलाओं, बच्चों और आम लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकान के पास ही छात्रावास, निजी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और प्रसिद्ध गोवर्धन मंदिर स्थित है, जिससे क्षेत्र का सामाजिक व शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। नगरवासियो ने बताया कि ग्राम पंचायत जैसीनगर पहले ही प्रस्ताव पारित कर दुकान को जेरा रोड स्थित निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित करने की अनुशंसा कर चुकी है। इसके अलावा कलेक्टर जनसुनवाई में भी शिकायत की गई और मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को भी ज्ञापन सौंपा गया, जहां से आश्वासन भी मिला, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। नगरवासियों ने प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने की मांग करते हुये चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शराब दुकान को नगर से बाहर नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे।

### योग वेदांत सेवा समिति ने मनाया संत आशाराम बापू का 86 वां अवतरण दिवस



**सागर, देशबन्धु।** योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को संत आशाराम बापू का 86 वां अवतरण दिवस सेवा दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बम्होरी रेंगुआ वायपास रोड स्थित आश्रम में हजारों की संख्या में साधक, भक्तगण एवं श्रद्धालु उपस्थित हुये और कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत आशा रामायण पाठ एवं पादुक पूजन से हुई, जिसके बाद वीडियो सत्संग, भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। पूरे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता की सरिता बहती रही। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर लालाराम मेठवानी, थावरदास चर्तुरानी, आश्रम संचालक आत्माराम भाई, अनिल भाई, संतोष भाई, कमल भाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति द्वारा जानकारी दी गई कि संत आशाराम बापू का अवतरण दिवस देश-विदेश के लगभग 450 आश्रमों में विश्व सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इसी क्रम में सागर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित कर संत के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

### 9 से 23 अप्रैल तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण पखवाड़ा का आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 9 से 23 अप्रैल तक दो सप्ताह का पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा। मातृ एवं शिशु पोषण, जन्म से 3 वर्ष तक मस्तिष्क विकास और 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिये खेल आधारित शिक्षा पर जोर दिया जायेगा। परियोजना अधिकारी विजय कुमार जैन ने बताया कार्यक्रम के तहत परिवार ओर समुदाय की भूमिका को मजबूत करने, स्क्रीन टाइम कम करने और सशक्त आंगनबाड़ी निर्माण जैसे विषयों पर गतिविधियां होंगी। पखवाड़े को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिये रैलियां, पोषण पर चर्चा, दादी-नानी की जुबानी कार्यक्रम और खिलौना निर्माण कार्यशालायें आयोजित की जायेगी।

### जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेष शिविर लगाएं : कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को निर्देश दिये कि जिले के विभिन्न अनुभागों के अंतर्गत अनु. जाति, अनु. जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र आवेदकों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु 6 से 30 अप्रैल की अवधि में विशेष शिविर आयोजित कर उक्त श्रेणियों के पात्र आवेदकों के जाति प्रमाण पत्र बनाया जाना सुनिश्चित करें।

## विधायक लारिया की मंत्री भूरिया से आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवनों और उच्च दाब उप केन्द्र स्थापना को लेकर हुई चर्चा



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने भोपाल में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया से भेंटकर विधानसभा क्षेत्र के जर्जर और भवन विहिन आंगनबाड़ी केंद्र की ओर ध्यानाकर्षण किया। 23 आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवन निर्माण की मांग की। विधायक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में सागर विकासखंड के जर्जर व ध्वस्त हो चुके केंद्र शंकरगढ़, रतनगंज, सेमराबाग, भैंसानाका, रिछोड़ा, रुसल्ला, बाछलोन, पटकुई, तिंसुआ, कर्रापुर, आमेट, रतौना और रजौआ के नाम शामिल है। वही भवन विहीन केंद्र पथरियाहाट, डुंगासरा, चितौरा और किशनपुरा के लिये भी नवीन भवनों की मांग की गई है। इसी प्रकार राहतगढ़ विकासखंड के सेमरा लहरिया, देवरी, सेवारा सेवारी, तोड़ा गौतमिया, कनेरा नीखर और हनोता पारीक्षित के भवन विहीन केंद्रों के भवन बनाने का आग्रह किया। मंत्री भूरिया ने मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुये अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिये। विद्युत समस्या का स्थायी समाधान को लेकर विधायक लारिया ने ऊर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर से भेंटकर अवगत कराया कि वर्तमान में नरयावली क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था मकरोनिया स्थित 132/33 केव्ही उपकेंद्र से निकलने वाली 33 केव्ही लाइन पर निर्भर है, लेकिन मकरोनिया नगर पालिका, सैन्य क्षेत्र और औद्योगिक विस्तार के कारण वर्तमान ढांचे पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है। अत्याधिक ओवरलोडिंग से बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और लो.वोल्टेज की समस्या से आम जनता, व्यापारी और किसान प्रभावित हो रहे हैं। सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार के कारण कृषि उपभोक्ताओं के लिये निर्बाध बिजली आपूर्ति क्षेत्र के विकास हेतु मील का पत्थर साबित होगी। विधायक लारिया इस विषय को लेकर लंबे समय से सक्रिय हैं और पूर्व में 5 दिसम्बर 2025 को विधानसभा के पटल पर भी इस प्रश्न को प्रमुखता से उठा चुके हैं। ऊर्जा मंत्री ने आश्वस्त किया कि विभाग जल्द ही इस संबंध में आवश्यक तकनीकी मूल्यांकन कराकर नरयावली विधानसभा क्षेत्र में 132/33 केव्ही उपकेंद्र की स्थापना हेतु सकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

## श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा का पाक्षिक अधिवेशन संपन्न, 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय ब्राह्मण सम्मेलन का होगा आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा सागर का जिला स्तरीय पाक्षिक अधिवेशन पंचमी कार्यक्रम सभा भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष एवं सभापति पं. राकेश दुबे सिदगुवां ने की। वरिष्ठ संरक्षक एवं पूर्व सभापतियों सहित अनेक अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में अधिवेशन आयोजित हुआ। बैठक में निर्णय लिया कि सभा के गौरवशाली 106 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशस्तरीय सर्व ब्राह्मण समाज सम्मेलन एवं सामाजिक स्मारिका श्री सनाढ्य ज्योति 2026 का विमोचन 18 अप्रैल को महाकवि पद्माकर सभागार मोतीनगर चौराहा में किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री पं. राजेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री पं. गोपाल भार्गव करेंगे। विशेष अतिथियों में पं. नरोत्तम मिश्रा, संगीता तिवारी महापौर, पं. सुरेश पचौरी, पं. प्रताप भानु शर्मा, पं. ब्रजबिहारी पटेरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज के वरिष्ठजन शामिल होंगे। अधिवेशन में समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर तैयारी करने का निर्णय लिया। इसके तहत 6 समितियों का गठन किया गया, जिनमें संचालन, स्वागत, भोजन, मंच व्यवस्था, मीडिया एवं प्रचार प्रसार समितियां शामिल हैं। सागर जिले के सभी 11 विकासखंडों, 8 विधानसभा क्षेत्रों सहित नगर निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर तक जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभा ने सभी समाजजनों से घर-घर जाकर आमंत्रण देने, पीले चावल के माध्यम से निमंत्रण पहुंचाने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पं. प्रदीप राजौरिया को भाजपा प्रदेश मीडिया सहप्रभारी बनाये जाने पर सम्मानित किया गया, साथ ही पं. देवेंद्र कटारे, पं. आरके दीक्षित, पं. राजाराम मिश्रा सहित वरिष्ठजनों का शाल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. श्याम मनोहर सीरोठिया, रामेश्वर प्रसाद दीक्षित, नरेश तिवारी, शिवदयाल बड़ोनिया, नरहरि कटारे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### सांप के काटने से बुजुर्ग की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के बंसिया थाना क्षेत्र में जहरीले सांप के काटने से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग अच्छेलाल कुशवाहा की दर्दनाक मौत हो गई है। बताया गया है, मंगलवार रात करीब 10 बजे अच्छेलाल कुशवाहा घर में खाना खाने के बाद सो गया, तभी अचानक कहीं से आकर एक सांप ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। तुरंत बुजुर्ग को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। बुधवार सुबह शव को जिला अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मोरवा में मूकबधिर युवक को बेरहमी से पीटा

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोरवा में एक मूकबधिर पूर्ण अहिरवार के साथ खेत में बेरहमी से मारपीट की गई। इस घटना में सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया है। अब आरोपी पक्ष ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी के नाम लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में आरोपियों का कहा है कि घटना को लेकर सही और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि असली दोषी सामने आएं। पूर्ण अहिरवार के साथ हुई मारपीट की घटना ने स्थानीय स्तर पर चर्चा पैदा कर दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पक्ष पारदर्शिता और निष्पक्षता से जांच की मांग कर रहा है।

### नगर परिषद ने चलाया जल संवर्धन व सफाई अभियान

**खजुराहो, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान में कलेक्टर जिला के निर्देश पर नगर परिषद अध्यक्ष अरुण अवस्थी के निर्देशन मे विभिन्न वार्डों में काम कराया जा रहा है। जिसमें जल संरचनाओं की उचित रखरखाव बरसात के पूर्व नालियों की साफ सफाई सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ व्यवस्था की गई है तालाबो में विद्युत सौंदर्य करण एवं अन्य कार्य कराए जा रहे हैं प्रेम सागर तालाब एवं शिव सागर तालाब नगर पालिका कर्मचारी सहयोगी संस्थाओं एवं अन्य जन प्रति निधि द्वारा साफ सफाई का कार्य कराया गया एवं निकलने वाले संपूर्ण कचरे को प्र स्करण इकाई भेजा गया अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ नगर परिषद के कर्मचारियों में संदीप राजपूत, आस्था ग्रुप के प्रतिनिधि एवं अन्य सफाई श्रमिक उपस्थित रहे।

### बागेश्वर धाम में खुले गड्ढे में डूबकर मासूम की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के बागेश्वर धाम क्षेत्र में बुधवार को 6 वर्षीय एक मासूम की गंदे पानी से भरे खुले गड्ढे में गिरने से डूबकर मौत हो गई है। मृतक की पहचान रेवाड़ी; हरियाणा निवासी प्रवीण कुमार के पुत्र दिव्यांश शर्मा 6 वर्ष के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार, दिव्यांश का परिवार बच्चे के बीमार होने पर उसे लेकर बागेश्वर धाम आया था। बुधवार को दोपहर खेलते समय वह पास के एक ढाबे के पीछे बने गंदे पानी के गड्ढे में गिर गया। कुछ देर तक जब बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो परिजन ने तलाश शुरू की। ढाबे के पीछे बने गड्ढे में बच्चे का शव मिला। उसे तुरंत बाहर निकालकर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करके जांच शुरु कर दी है।

### कोतवाली के पास दिनदहाड़े वृद्धा से सोने के गहने लूटे

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में बुजुर्ग महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बढ़ गई है। बुधवार को कोतवाली के ठीक बगल में दो युवक एक बुजुर्ग महिला को बातों में उलझाकर उसके सोने के गहने लूटकर भाग गए हैं। घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है, पुलिस उसके आधार पर आरोपियों की तलाश में लगी है।

वीडियो में साफ दिख रहा है कि दोनों आरोपी बिना नंबर प्लेट वाली मोटर साइकिल से आकर कोतवाली थाने के निकट ही महिला को अपनी बातों में फंसाकर चालाकी से गहने छीन और भाग निकले। इसी तरह दो दिन पहले शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में भी एक बुजुर्ग महिला के साथ ठीक इसी तरीके से गहनों की लूट की गई थी।

## दिल्ली जाने से रोका तो शुरू कर दिया चिता आंदोलन

# दूसरे दिन भी ठप रहा केन-बेतवा लिंक परियोजना का काम



**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले कई सालों से सूखे बुंदेलखंड की प्यास बुझाने के लिए शुरु की गई 44 हजार करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना धरातल पर उतरने के पहले ही बड़े जनविरोध का शिकार हो गई है। स्थानीय प्रशासन ने आवाज नहीं सुनी, तो प्रधानमंत्री को अपनी व्यथा सुनाने के लिए दिल्ली जा रहे प्रदर्शनकारियों को प्रशासन द्वारा बलपूर्वक रास्ते में रोककर प्रताड़ित किया गया, उनके द्वारा इकट्ठा किया गया राशन भी छीन लिया। इसके बाद आंदोलन और भी उग्र हो गया है। हजारों की संख्या में आदिवासी, किसान, महिलाएं और ग्रामीण ढोढन बांध स्थल पर धरने पर बैठ गए हैं।

नाराज हजारों प्रदर्शनकारियों ने जितना दमन-उतना संघर्ष का नारा लगाते हुए आरपार की लड़ाई शुरु कर दी है। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं, जो हाथों में तख्तियां लेकर जल, जंगल और जमीन के हक की लड़ाई का ऐलान कर रही हैं। ढोढन बांध निर्माण स्थल पर मशीनों के सामने खड़े होकर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। आक्रामक रुख अपनाते हुए निर्माण स्थल पर ही चिता आंदोलन शुरु कर दिया गया है। यहां कई चिताएं बनाई गई हैं, उन पर लेटकर प्रदर्शनकारी सही मुआवजा और पुर्नवास की मांग कर रहे हैं। जोरदार प्रदर्शन के कारण परियोजना का काम लगातार दूसरे दिन भी ठप रहा। हालांकि बिगड़ते हालातों को संभालने के लिए सटई तहसील के तहसीलदार इंद्र कुमार गौतम ने मौके पर जाकर प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन आंदोलनकारी नहीं माने। उनका साफ कहना है कि यह अब सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि हमें दिल्ली जाकर अपनी बात रखने से रोका गया है, जो अनुचित है। अब तो प्रशासन द्वारा धारा 163 लगाकर अपने ही गांव जंगल में जाने से उन्हें रोका जा रहा है, उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है।

तहसीलदार श्री गौतम ने कहा, प्रशासन लगातार संवाद कर रहा है और जल्द ही समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी। फिलहाल बांध स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात है, लेकिन प्रदर्शनकारी अपने रुख पर अड़े हुए हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव-गांव में प्रशासन, पुलिस और सत्ता से जुड़े लोगों का गठजोड़ है। जिसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और आदिवासी, किसानों और आम ग्रामीणों का शोषण हो रहा है।

बता दें, यह विरोध परियोजना के तहत केन नदी पर प्रस्तावित 77 मीटर ऊंचे और 213 किलोमीटर लंबे ढोढन बांध के निर्माण को लेकर हो रहा है। केन और बेतवा नदियों को जोड़ने के लिए 221 किलोमीटर लंबी नहर और 2 किलोमीटर की टनल भी बनाई जानी है। इसमें डूब क्षेत्र के ग्राम ढोढन, खरयानी, पलकौहा, सुकवाहा, मैनारी, भोरखुवा, घुघरी, कुपी, शहपुरा, बसुधा, नैगुवां, ककरा, पाठापुर, डुगरिया, कदवारा गांवों के हजारों विस्थापित अपने हक और पर्यावरण की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन पर झूठे आश्वासन देने और कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

## प्रतीकात्मक चिताओं पर लेटे आंदोलनकारी, बोले न्याय दो या मौत

- केन-बेतवा लिंक परियोजना के विस्थापितों ने शुरु की आर-पार की लड़ाई

*✷ संजय सक्सेना*



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *केन-बेतवा लिंक परियोजना से विस्थापित गांवों के आदिवसी, किसान और आम ग्रामीण अपने हक के लिए लंबे समय से आवाज उठा रहे हैं। जिसे अब स्थानीय प्रशासन सख्ती से कुचलने में जुट गया है। बीते रोज वे प्रधानमंत्री को अपनी व्यथा सुनाने के लिए दिल्ली जा रहे प्रदर्शनकारियों को प्रशासन ने रास्ते में रोककर प्रताड़ित किया, उनका राशन-पानी भी छीन लिया, तो आंदोलन और भी उग्र हो गया है।*

*जय किसान संगठन के नेता सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर के नेतृत्व में हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी जिनमें बड़ी संख्या में शामिल महिलाएं भी है। वे जितना दमन-उतना संघर्ष का नारा लगाकर अपने हाथों में तख्तियां लेकर जल-जंगल और जमीन का हक मांगने के लिए अड गई हैं। उनका साफ कहना है, यह लड़ाई केवल मुआवजे की नहीं है, बल्कि जल-जंगल, जमीन-संस्कृति और भविष्य को बचाने की लड़ाई है। इस आंदोलन को सख्ती से कुचलने के लिए छतरपुर के जिला दंडाधिकारी द्वारा धारा 163 लागू करके छतरपुर और पन्ना जिले की सीमाओं को अलग-अलग करके बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।*

*धारा 163 के बावजूद आंदोलनकारियों ने अपने प्रदर्शन के लिए अनूठा रास्ता भी निकाल लिया है। दरअसल केन नदी, जो छतरपुर और पन्ना जिले की सीमा तय करती है, उसी नदी के बीचोंबीच आंदोलन शुरु कर दिया गया है। एक ओर पन्ना जिले के किसान अपनी सीमा में और दूसरी ओर छतरपुर जिले के किसान अपने जिले की सीमा में रहकर संयुक्त रुप से आंदोलन कर रहे हैं, जिससे यह आंदोलन और अधिक मजबूत व धारदार हो गया है। इससे लगने लगा है कि यह आंदोलन अब निर्णायक और बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंच गया है।*

***एक साथ दो मोर्चों पर आंदोलन जारी :*** *इस आंदोलन की खास बात ये है कि, एक ओर प्रशासन द्वारा आंदोलन को हर स्तर पर दबाने की जितनी पुरजोर कोशिश की जा रही है, वहीं हजारों आदिवासी और किसान विशेष रुप से महिलाएं, हिम्मत हारने के बजाय और अधिक आक्रामक रुख अपनाते हुए चिता आंदोलन तक पहुंच गई हैं। दो मोर्चों पर आंदोलन जारी है, पहला ढोढन बांध निर्माण स्थल पर महिलाओ ने मशीनों के सामने खड़े होकर काम रुकवा दिया है। निर्माण स्थल पर ही चिता आंदोलन शुरु कर दिया गया है। यहां कई चिताएं बनाकर आदिवासी किसान और महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों के साथ चिता पर लेटकर कह रही हैं, विस्थापन के बदले सही मुआवजा और पुर्नवास का न्याय दो या मौत। वास्तव में यह दृश्य अत्यंत मार्मिक और चिंताजनक भी है।*

***सरकार के दमन के सामने आक्रामक रुख :*** *केन-बेतवा लिंक परियोजना के विस्थापितों ने अपने हक के लिए सरकार के दमन के सामने आक्रामक रुख अपना रखा है। आंदोलनकारियों का आरोप है, उन्हें दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी बात रखने से रास्तों में कई जगह रोका गया। उनका राशन और पानी तक छीनकर धमकियां दी गईं। पुलिस और वन विभाग द्वारा सभी रास्तों पर पहरा लगा दिया गया है, जिससे आंदोलन में शामिल होने वालों को रोका जा रहा है। राशन, पानी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी बाधित की जा रही है। स्थानीय दुकानदारों को धमकाकर हटा दिया गया है और गांवों के बाकी लोगों पर भी दबाव बनाया जा रहा है कि वे आंदोलन करने वालों की किसी भी प्रकार से मदद न करें।*

*आंदोलन के नेतृत्वकर्ता अमित भटनागर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अब तो आदिवासी और किसानों को उनके ही गाँव के जंगल और जमीन पर धारा 163 लगाकर उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है, ये दमन की पराकाष्ठा है। जब परियोजना एक ही है तो लोगों को इस तरह बांटने का आदेश अन्यायपूर्ण और गैरतार्किक है। उन्होंने आरोप लगाया, प्रशासन अपने अत्याचार और भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए इस प्रकार के आदेश जारी कर रहा है। गांव-गांव में प्रशासन, पुलिस और सत्ता से जुड़े लोगों का गठजोड़ है, जिसके कारण भ्रष्टाचार बढ़ने से आम ग्रामीणों का शोषण हो रहा है। आंदोलनकारियों का साफ कहना है, यह आरपार की लड़ाई है, जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा पीछे नहीं हटेंगे। जब तक जान रहेगी, संघर्ष जारी रहेगा।*

## सोया रहा परिवार, चोर लाखों के जेवर और नकदी लेकर चंपत



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के बड़ामलहरा पुलिस अनुभाग के बमनोरा थाना अंतर्गत ग्राम कचरा में बीती रात एक घर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सोते रहे और चोरों ने मकान में घुसकर लाखों रुपए के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब घटना का पता चला तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम कचरा निवासी हललन यादव पिता भागवत यादव ने बताया कि वह रात करीब 10 बजे सो गए थे जबकि बच्चे लगभग 12 बजे तक मोबाइल चला रहे थे। इसके बाद करीब साढ़े 12 बजे सभी लोग सो गए। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।सुबह जब वे रोज की तरह अपने काम में लगे हुए थे, तभी पड़ोसियों ने फोन कर घर के पीछे नाले के पास बुलाया। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक से संबंधित कागजात और अन्य सामग्री बिखरी पड़ी थी। यह देखकर उनके होश उड़ गए। इसके बाद जब वे घर लौटे और उस कमरे को देखा जहां जेवरात और नकदी रखी थी तो वहां सामान अस्त-व्यस्त मिला और कीमती सामान गायब था।

पीड़ित के अनुसार चोर करीब 200 ग्राम सोने के जेवरात, लगभग 3 किलोग्राम चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए हैं। चोरी की सूचना मिलते ही गांव के लोग एकत्रित हो गए और पीड़ित ग्रामीणों के साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी बड़ी चोरी होने के बावजूद पुलिस द्वारा घटना की कीमत केवल 90 हजार रुपए आंकी जा रही है जबकि चोरी हुए सोने, चांदी और नकदी की वास्तविक कीमत लाखों रुपए है। बमनोरा थाना प्रभारी शिशिर तिवारी ने बताया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## फोरलेन पर चलती कार में लगी आग, जलकर खाक



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के समीप ब्रजपुरा फोरलेन मार्ग पर छतरपुर की ओर आ रही एक डस्टर कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी विकराल हो गई, कि कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिरकर जलकर खाक हो गई।

घटना के दौरान हाइवे पर अफरा तफरी मच गई, आसपास से गुजर रहे लोगों ने तत्काल वाहन रोककर हालत संभालने का प्रयास किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डस्टर कार ब्रजपुरा फोरलेन से छतरपुर की ओर आ रही थी, तभी अचानक वाहन के इंजन से धुआं उठने लगा। चालक ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा किया और बाहर निकल गया। कुछ ही क्षणों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और कुछ ही देर में पूरी तरह खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, जब तक आग बुझाई जाती, तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी और उसमें रखा सारा सामान भी नष्ट हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## विश्व नवकार महामंत्र दिवस आज, होगा नवकार महामंत्र का सामूहिक उद्घोष

**छतरपुर, देशबन्धु।** जैन समाज के तत्वावधान में 9 अप्रैल, गुरुवार को विश्व नमोकर महामंत्र दिवस पर जैन अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी पर एक भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नवकार महामंत्र का सामूहिक उद्घोष किया जाएगा।

डा.सुमति प्रकाश जैन के अनुसार जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण नवकार महामंत्र को 9 अप्रैल को दुनिया के 120 से अधिक देशों में सुबह 8 बजे एकसाथ उच्चारित किया जाएगा। इसमें जैन तथा जैनेतर समाज के बंधु बांधव पूरी धार्मिक प्रभावना के साथ सहभागिता करेंगे। उन्होंने बताया प्रख्यात संगठन जीतो के तत्वावधान में एक वर्ष पूर्व 2025 में 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में देश में पहली बार विश्व नवकार महामंत्र दिवस का ऐतिहासिक शुभारंभ विज्ञान भवन दिल्ली में किया गया था। भारत के साथ साथ दुनिया के कोई 120 देशों में भी सभी धर्म के 1 करोड़ 88 लाख बंधुओं ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस समवेत रूप से नमोकार महामंत्र का उदघोष किया था। अब 9 अप्रैल 2026 को द्वितीय विश्व नवकार महामंत्र दिवस का वृहद आयोजन देश और दुनिया के हर महानगर, शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भव्यता तथा धार्मिक प्रभावना के साथ आयोजित किए जाएंगे।

छतरपुर में डेरापहाड़ी क्षेत्र के प्रबंधक आर के जैन एवं रीतेश जैन ने बताया 9 अप्रैल को सुबह ठीक 8 बजे अतिशय क्षेत्र डेरापहाड़ी के वर्णी सभागार में जैन समाज के तत्वावधान एवं गणमान्य अतिथियों के आतिथ्य में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर नवकार महामंत्र का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसमें जैन समाज के पुरुष सफेद कुर्ता एवं पायजामा तथा जैन महिलाएं लाल बॉर्डर वाली क्रीम साड़ी पहन कर सम्मिलित होकर नवकार महामंत्र का पाठ करेंगे।

## शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने की पात्रता परीक्षा निरस्त करने की मांग



**छतरपुर, देशबन्धु।** शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को जिले भर से हजारों शिक्षकों ने एकजुट होकर पात्रता परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया है।

सभी शिक्षक स्थानीय मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए जहां सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान वक्ताओं ने पात्रता परीक्षा को लेकर अपनी आपत्तियां रखते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की। इसके बाद शिक्षकों ने मंदिर प्रांगण से कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकाली। रैली में शामिल शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया और अपनी मांगों को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। रैली के समापन पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों में जोरदार जोश और अपनी मांग मनवाने का जुनून देखने को मिला। उन्होंने एकजुटता का परिचय देकर अपनी मांगों को मजबूती से रखा। इस मौके पर संयुक्त मोर्चा के संयोजक राम प्रकाश बाजपेयी, कमल अवस्थी, शैलेंद्र खरे, अनुपम त्रिपाठी, राम भरोसा पटेल, लाल बहादुर अहिरवार अजाक्स, अखिलेश खरे, राजेंद्र सिंह, रणवीर सिंह सहित जिले के सभी विकासखंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## गैस लीक से होने से लगी आग, तीन लोग झुलसे



**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सुकवां में मंगलवार को देर शाम एक घर में अचानक गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई, जिसमें तीन लोग झुलस गए हैं। इनमे से 16 वर्षीय एक किशोरी की हालत गंभीर बताई गई है। तीनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम उमरैया निवासी राधा पुत्री अखिलेश पटेल 16 वर्ष सुकवां में अपने रिश्तेदार के यहां शाम करीब 6 बजे गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर से लीकेज हो जाने से आग भड़क गई। आग की लपटों की चपेट में आकर उमरैया निवासी ललित पुत्र शंकर पटेल 26 वर्ष और राजनगर थाने के ग्राम खजवा निवासी कृष्णा पुत्र देवीदीन पटेल 20 वर्ष बुरी तरह से झुलस गए। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तीनों को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। बर्न वार्ड में भर्ती करके उनका इलाज किया जा रहा हैं। राधा की हालत नाजुक बनी हुई है।

# बुंदेलखंड को बडी सौगातः खजुराहो से भोपाल और दमोह नई रेल लाईन का होगा सर्वे



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *बुंदेलखंड में रेल सुविधाओं के विकास की मांग लंबे समय से चली आ रही है, अब इन उम्मीदों को पंख लगने लगे हैं। दरअसल 2 नई रेललाइनों के सर्वे के लिए केंद्र सरकार ने मंजूरी देकर बजट भी स्वीकृत कर दिया है। इनमें खजुराहो से छतरपुर, सागर होकर भोपाल तक और खजुराहो से हटा होकर दमोह तक नई रेल लाइनों के सर्वे के लिए रेल मंत्रालय से स्वीकृति और बजट भी मिल गया है।*

*बुंदेलखंड अंचल के विकास की दिशा में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पर्यटन नगरी खजुराहो और छतरपुर को नए रास्ते से सीधे राजधानी भोपाल से जोड़ने वाली नई रेल लाइन के सर्वे कराने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस महत्वपूर्ण परियोजना में खजुराहो से छतरपुर, सागर से भोपाल तक लगभग 320 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के सर्वेक्षण 69 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।*

*वहीं खजुराहो से हटा व दमोह के बीच 125 किमी लंबी रेल लाइन के सर्वे के लिए 15 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस नई रेल लाइन के शुरु होने से न केवल छतरपुर जिला बल्कि सागर और दमोह संसदीय क्षेत्र के विकास को भी नए पंख लगेंगे। जानकारी के अनुसार रेलवे द्वारा स्वीकृत नए सर्वे के तहत रेल लाइन भोपाल से शुरु होकर बंडा, शाहगढ़, हीरापुर और बड़ामलहरा से छतरपुर और खजुराहो तक पहुँचेगी। इस 320 किमी लंबे प्रस्तावित मार्ग के तैयार हो जाने से बुंदेलखंड के इन पिछड़े और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी का एक मजबूत जाल बिछ जाएगा, जिससे आर्थिक और सामाजिक बदलाव देखने को मिलेगा। अभी खजुराहो से छतरपुर होकर भोपाल जाने के लिए यात्रियों को लंबी दूरी के रेल या सड़क मार्ग पर निर्भर रहना पड़ता है।*

### विकास और पर्यटन को मिलेगी नई रफ्तार

इस नई रेल लाइन परियोजना का सबसे बड़ा लाभ पर्यटन और व्यापार को होगा। खजुराहो जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र को सीधे राजधानी भोपाल और औद्योगिक केंद्र सागर से जोड़ने से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इसके अलावा, बड़ामलहरा और शाहगढ़ जैसे क्षेत्रों के व्यापारियों और आम जनता को भोपाल तक पहुँचने के लिए एक सुगम और सस्ता विकल्प भी मिल जाएगां यह पहल दमोह और सागर संसदीय क्षेत्रों के उन हिस्सों को मुख्य रेल नेटवर्क से जोड़ेगी जो अब तक इस सुविधा से वंचित थे।

### पहले होगा सर्वे, फिर निर्माण पर निर्णय

रेलवे बोर्ड ने फिलहाल केवल इस मार्ग की व्यवहार्यता और अनुमानित लागत के आकलन के लिए सर्वे की स्वीकृति दी है। इस दौरान रेलवे के अधिकारी भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों, प्रस्तावित मार्ग की तकनीकी संभावनाओं और कुल खर्च का विस्तृत ब्योरा तैयार करेंगे। सर्वे रिपोर्ट के बाद निर्माण के लिए बजट आवंटन का निर्णय लिया जाएगा। बहरहाल नई रेल लाइन केक सर्वे का आदेश मिलना ही बुंदेलखंडवासियों के लिए एक बड़े सपने के सच होने की पहली सीढ़ी माना जा रहा है।

सागर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी नाकामी

7 और 8 अप्रैल की आधी रात को जब भारत के लोग सो रहे थे, उस समय वैश्विक व्यवस्था में बदलाव की एक बड़ी करवट ली जा चुकी थी। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के छेड़े गए युद्ध को अब अगले दो सप्ताह तक रोकने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच सहमति बन गई है। खास बात यह है कि युद्धविराम का यह ऐलान उस समय हुआ जब ट्रंप की तरफ से दी गई समयबद्ध चेतावनी की सीमा खत्म होने में दो घंटे ही बचे थे। ईरान के समयानुसार बुधवार सुबह तीन बजे तक का वक्त डोनाल्ड ट्रंप ने दिया था कि ईरान उनकी बात मान ले, वर्ना वे ईरान के बिजलीघरों, पुलों और सड़कों पर भारी बमबारी करवाएंगे। ट्रंप ने सीधे-सीधे ईरान को तबाह करने की चेतावनी दी थी। ईरान के लोगों ने भी हिम्मत दिखाते हुए बिजलीघरों और पुलों के सामने मानवश्रृंखला बना ली थी कि वे ऐसे किसी भी बड़े हमले में कुर्बानी के लिए तैयार हैं, लेकिन समझौता करने के लिए नहीं। लेकिन 1 बजे के करीब युद्धविराम का ऐलान हो गया।

इस बड़ी घटना को कालानुक्रम में देखिए- 7 और 8 अप्रैल की रात 12:46 बजे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रंप और ईरान से 2 हफ्ते के लिए युद्धविराम अनुरोध एक पोस्ट पर किया।

बुधवार सुबह 4:02 बजे ट्रंप ने पोस्ट किया कि - 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ बातचीत के बाद मैं आज रात ईरान पर हमला रोक रहा हूं। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को खोलने को तैयार हो गया है।

4:41 को ईरान के विदेश मंत्री ने पोस्ट किया कि- इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की ओर से, मैं क्षेत्र में युद्ध को समाप्त करने के अथक प्रयासों के लिए अपने प्रिय भाइयों महामहिम पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ और महामहिम फील्ड मार्शल मुनीर के प्रति आभार और सराहना व्यक्त करता हूं। मैं ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की ओर से घोषणा करता हूं: यदि ईरान के खिलाफ हमले रोक दिए जाते हैं, तो हमारी शक्तिशाली सशस्त्र सेनाएं अपने रक्षात्मक अभियान बंद कर देंगी।

5:20 बजे शाहबाज शरीफ ने पोस्ट में लिखा अत्यंत विनम्रता के साथ, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ईरान और अमेरिका तत्काल प्रभाव से युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। मैं इस बुद्धिमान पहल का हार्दिक स्वागत करता हूं और दोनों देशों के नेतृत्व के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। अब बातचीत के आधार पर एक निर्णायक समझौते के लिए शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को दोनों देश के प्रतिनिधिमंडलों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करता हूं।

अब शुक्रवार को यह दो हफ्तों का युद्धविराम स्थायी युद्धविराम में बदलेगा या फिर नए सिरे से हमलों की शुरुआत होगी, फिलहाल कहा नहीं जा सकता। लेकिन अभी जो 15 दिनों की शांति की बात हुई है, उसमें भी दुनिया ने राहत की सांस ली है, क्योंकि इस जंग की तपिश में पूरी दुनिया झुलस रही थी। ईरान की तरफ से दिए गए 10 बिंदुओं के प्रस्ताव पर ही ट्रंप चर्चा के लिए तैयार हो गए हैं, यह भी ईरान के लिए बड़ी जीत के संकेत हैं। क्योंकि उसने अपने बड़े नेताओं को खोने के बावजूद आखिरी तक हथियार डालने से मना कर दिया। इस युद्धविराम प्रक्रिया में पाकिस्तान के साथ सऊदी अरब, तुर्किए और मिस्र भी लगे थे, लेकिन ईरान इन पर भरोसा नहीं कर पा रहा था। जिसके बाद चीन का आश्वासन आया और ईरान ने सहमति जताई। खुद ट्रंप ने कहा है कि चीन ने ईरान को बातचीत की मेज पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो सकती है।

इस पूरे घटनाक्रम को देखें तो समझ आता है कि जब दुनिया नयी व्यवस्था की तरफ बढ़ रही थी, भारत हिंदू-मुस्लिम के नशे में धुत्त था। ईरान पाकिस्तान को शुक्रिया कह रहा है, अमेरिका कह रहा है कि पाकिस्तान से चर्चा के बाद युद्ध रोका और पाकिस्तान ईरान और अमेरिका को धन्यवाद दे रहा है, इसमें कहीं भी भारत का नामोनिशान नहीं है, क्योंकि हमारी सरकार की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। नरेन्द्र मोदी को बिना कुछ किए विश्वगुरु बनने का शौक है। उन्हें और उनके सलाहकारों को लगता है कि नेहरू-इंदिरा को कोसेंगे तो मोदी का कद ऊंचा हो जाएगा। वैश्विक नेताओं से जबरन गले मिलेंगे, फिजूल हँसी-ठट्ठा करेंगे तो दुनिया में रुतबा बढ़ेगा। लेकिन कोरी लफ्फाज़ी और काम करने में क्या अंतर है, अब नजर आ रहा है। इस युद्धविराम से अमेरिका के अकेले महाशक्ति होने के दावे को बड़ा झटका लगा है, और इससे पहले युद्ध के दौरान जिस तरह यूरोप के कई देशों ने अमेरिका की हरकतों पर सवाल उठाए, उससे भी जाहिर हुआ कि अब अमेरिका की हर बात में हां में हां मिलाने के दिन चले गए हैं। दुनिया के कई देश अब अमेरिका के पिछलग्गू होने की जगह उसे साझेदार की तरह देख रहे हैं। अब पाकिस्तान भी कह सकता है कि अमेरिका ने उसकी बात सुनी। लेकिन भारत में मोदी सरकार ऐसा नहीं कह पाएगी। क्योंकि मोदी अब भी ट्रंप और नेतन्याहू के सामने दबे दिख रहे हैं।

जिस पाकिस्तान को मनमोहन सिंह सरकार ने आतंकवादी देश के तौर पर स्थापित कर दिया था वह मोदी सरकार की अक्षम विदेश नीति के कारण अंतरराष्ट्रीय महत्व हासिल कर रहा है और यहां मोदी समर्थक यही बता रहे हैं कि इस युद्ध से हमारा लेना-देना ही नहीं था तो हम बीच में क्यों पड़ें। हालांकि इस युद्ध के कारण ही देश में ऊर्जा संकट आया, महंगाई बढ़ी तो इससे कैसे हमारा लेना-देना नहीं था। इससे पहले भी जब पाकिस्तान की मध्यस्थता की बात आई थी तो एस जयशंकर ने इसे दलाली जैसा निकृष्ट काम बताया था, लगे हाथ विदेश मंत्री यह भी बता दें कि जब ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने का दावा किया था, तो क्या ट्रंप ने तब दलाली की थी?

बहरहाल, अब अंतरराष्ट्रीय नक्शे में पाकिस्तान ने भारत से थोड़ी बढ़त बढ़ा ली है, ये हमारे लिए चिंता की बात होनी चाहिए और उसके साथ चीन का नाम भी युद्धविराम में आ रहा है, यह भी विचारणीय है। याद कीजिए कि राहुल गांधी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि मोदी सरकार की विफल नीति के कारण पाकिस्तान और चीन एक साथ आएंगे और यह भारत के लिए बड़ा खतरा बन जाएंगे। अब राहुल की बात फिर सही साबित हो रही है। एक बड़ा डर भारत के सामने खड़ा हो गया है कि पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को अब अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाने की पुरजोर कोशिश करेगा। जबकि अब तक हमारी मजबूत नीति के कारण उसे इसमें सफलता नहीं मिली थी। लेकिन मोदी शायद इसे भी मुमकिन कर दिखाएं। उनके समर्थक अब गंभीरता से विचार करें कि क्या ऐसे ही दिनों के लिए इन्हें सत्ता सौंपी थी?

# ईरान का अद्भूत जज्बा दुनिया के लिए मिसाल

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

टाइटैनिक फिल्म का एक अद्भुत दृश्य है, जब जहाज टुकड़े-टुकड़े होकर डूबता है, अमीरों में आपाधापी मची रहती है कि बचाने वाली नावों पर वे किसी भी तरह सवार हो जाएं, नीचे गरीबों के निकलने के रास्ते पर दरवाजा बंद करके ताला लगा दिया जाता है, क्योंकि उनकी जान की कीमत नहीं समझी जाती, पूरे जहाज में चीख-पुकार मची रहती है और इस बीच संगीतकारों के दल के सदस्य अपने वाद्य लेकर जाते-जाते ठहरते हैं और एक आखिरी बार अपने संगीत की प्रस्तुति देते हैं। मौत के बीच वे जिंदगी, जिंदादिली और जिजीविषा की अद्भुत संगीत रचना पेश करते हैं।

बीते दिनों ईरान के सुप्रसिद्ध संगीतकार अली ग़मसारी जब इसी तरह तेहरान में दमावंद बिजली संयंत्र के सामने पहुंचे और उन्हें देखकर कई और कलाकार भी इसी तरह अपने वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुति देने बाहर आए, तो टाइटैनिक के उस दृश्य की ही याद आ गई। ग़मसारी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर देखे जा सकते हैं, उन्होंने तेहरान के दमावंद बिजली संयंत्र में अपने वाद्य यंत्रों के साथ पहुंचकर बम के धमाके के जवाब के लिए संगीत के सुरों को चुना। बिजली संयंत्र के सामने दरी बिछाकर अपने वाद्य 'तार' के साथ ग़मसारी बैठे और दो दिनों तक बजाते रहे। उनके इस फैसले के पीछे डोनाल्ड ट्रंप की वह धमकी थी, जिसमें वे ईरान की पूरी सभ्यता को खत्म करने का ऐलान कर रहे थे।

गौरतलब है कि 28 फरवरी के बाद ट्रंप ने कई बार ईरान को कई तरह की धमकियां दीं, लेकिन बीते दिनों उनकी दो धमकियां चर्चा में रहीं। पहले तो उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत खत्म करने के दावे के साथ ईरान को पाषाण युग में वापस भेजने की धमकी दी, इसके बाद एक और धमकी देकर मंगलवार रात आठ बजे तक का वक्त दिया कि इसके बाद वे ईरान के बिजली संयंत्रों, पुलों और सड़कों पर ऐसे हमले करेंगे जिससे एक पूरी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। ईरान को धमकाने के लिए ट्रंप ने अपशब्दों का इस्तेमाल भी किया, जिसने उनका असली चेहरा दुनिया के सामने खोल कर रख दिया। हालांकि जो लोग ईरान को एक पिछड़ा, अशिक्षित, दकियानूसी, कट्टरपंथी, धर्मान्ध देश मानने की भूल करते थे, क्योंकि अमेरिका ने उनके सामने ईरान की ऐसी ही तस्वीर पेश की थी। उन्हें भी नजर आ गया कि असल में ईरान क्या है। अली ग़मसारी जैसे सैकड़ों-हजारों-लाखों-करोड़ों लोगों ने दुनिया को ईरान के एक ऐसे जुझारू पक्ष को दिखा दिया, जो आज के वक्त में दुर्लभ गुण हो चुका है। प्रसंगवश बता दूं कि युद्ध में अपने देश की सेवा के लिए दुनिया भर से ईरानी जनता वतन वापस लौट गई। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, चीन जैसे तमाम विकसित देशों में आराम का जीवन बिताने का मौका इन अप्रवासी ईरानियों के पास था, लेकिन अपनी सुरक्षा और आराम से पहले इनके लिए देश की रक्षा है, जिसकी खातिर वे लौट आए। जबकि अमूमन यही होता है कि जब किसी देश पर हमला हो या किसी किस्म का संकट आए, तो बाहर बैठे उसके नागरिक खैर मनाते हैं कि अच्छा है हम वहां नहीं हैं। भारत के भी लाखों लोग विदेशों में बसे हैं, जिनके लिए देशप्रेम का मतलब विदेशी धरती पर अपने त्योहार मनाना, अपने सनातनी संस्कारों को पेश करना ही है। भारत वापस आकर ये कभी यहां के प्रदूषण पर नाक-भौं सिकोड़ेंगे, तो कभी यातायात व्यवस्था की हंसी उड़ाएंगे या फिर विदेश में बैठकर देश के लोगों को देशभक्ति का ज्ञान देंगे। ऐसे में ईरान के लोगों का जज़्बा किसी अजूबे से कम नहीं है।

> बहरहाल बात ईरान के लोगों की हिम्मत और अनूठी रचनात्मकता की हो रही है। संगीतकार अली ग़मसारी ने दमावंद बिजली संयंत्र के सामने बैठकर संगीत के तार छेड़े, ताकि ईरान की अधोसंरचना पर होने वाले हमलों को रोकने में मदद मिल सके। वहीं ईरान के प्रसिद्ध गायक अली ज़ंदवाकिली ने बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए रेलवे लाइन के किनारे गीत गाए। इधर ईरान के शरीफ विश्वविद्यालय को अमेरिका ने मिसाइल से तबाह किया।

बहरहाल बात ईरान के लोगों की हिम्मत और अनूठी रचनात्मकता की हो रही है। संगीतकार अली ग़मसारी ने दमावंद बिजली संयंत्र के सामने बैठकर संगीत के तार छेड़े, ताकि ईरान की अधोसंरचना पर होने वाले हमलों को रोकने में मदद मिल सके। वहीं ईरान के प्रसिद्ध गायक अली ज़ंदवाकिली ने बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए रेलवे लाइन के किनारे गीत गाए। इधर ईरान के शरीफ विश्वविद्यालय को अमेरिका ने मिसाइल से तबाह किया तो अगले ही दिन गणित के एक प्रोफेसर ने राख और मलबे के बीच बैठकर ही ऑनलाइन क्लास ली, जबकि एक और प्रोफेसर डॉ. मसूद शादनाम ने कहा कि ये हमले ईरान में वैज्ञानिक प्रगति को प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि इमारतें दोबारा बनाई जा सकती हैं, लेकिन बुद्धि को निशाने पर नहीं लिया जा सकता और विज्ञान के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिभाशाली लोग यहीं रहते हैं। अमेरिका की ईरान को पूरी तरह तबाह करने की धमकी के बीच युवा और खेल मामलों के उपमंत्री अलीरेजा रहीमी ने एक चैनल पर आकर अपने देशवासियों से अपील की कि हम मानवश्रृंखला बनाकर इन धमकियों का जवाब दें, उन्होंने कहा कि, 'बिजली संयंत्र जो हमारी राष्ट्रीय संपत्ति और पूंजी हैं, चाहे किसी भी पसंद या राजनीतिक नजरिए से देखें, वे ईरान और ईरानी युवाओं के भविष्य के हैं। हम सब हाथों में हाथ डालकर यह कहेंगे कि सार्वजनिक ढांचे पर हमला करना युद्ध अपराध है।' मंत्री की इस अपील पर देश के युवा, छात्र, खिलाड़ी, कलाकार, शिक्षक सब हाथों में हाथ डालकर मानवश्रृंखला बनाकर खड़े हो गए।

हम होंगे कामयाब की पंक्तियां याद आ गईं- हम चलेंगे साथ-साथ, डाल हाथों में हाथ, हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन, मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास, हम होंगे कामयाब एक दिन। ईरान वाकई ऐसे ही कामयाबी की राह पर आगे बढ़ा। तभी तो ट्रंप को सभ्यता खत्म करने की धमकी के बाद यह कहने पर मजबूर होना पड़ा कि हम दो हफ्ते के युद्धविराम के लिए तैयार हैं, हम आगे चर्चा के लिए तैयार हैं, हम ईरान में पुनर्निर्माण के लिए मुआवजा देंगे। दरअसल ईरान को यह कामयाबी, यह नायकत्व अपने नेतृत्व और जनता की अटूट देशभक्ति के जज्बे से हासिल हुआ है। मंगलवार को जब सब कुछ खत्म करने की चेतावनी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी थी, तो उसके जवाब में उनके समकक्ष ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशिकयान ने कहा था कि 1.4 करोड़ से अधिक ईरानी लोगों ने देश रक्षा में शहादत के लिए तैयार रहने का इरादा जताया है। मैं भी ईरान के लिए अपनी जान देने के लिए पहले भी तैयार था, अब भी हूं और आगे भी रहूंगा। अब दुनिया देख रही है कि जिस देश का राष्ट्रपति खुद कहे कि मैं शहीद होने के लिए तैयार हूं, और जिस देश के सर्वोच्च नेता ने पहले अपनी शहादत दे दी, क्या उस ईरान को अमेरिका और इजरायल कभी हरा पाएंगे।

याद रहे कि दिवंगत अयातुल्लाह अली खामेनेई के पास मौका था कि वे युद्ध शुरु होते ही किसी बंकर में जाकर रहते ताकि उनकी जान बचे और वे अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। उनके सलाहकारों ने उनसे यही गुजारिश भी की थी। खामेनेई के करीबी रहे अब्दुल माजिद हकीम इलाही ने बताया था कि खामेनेई ने अपने सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि अगर वे ईरान के 9 करोड़ लोगों के लिए सुरक्षित शेल्टर का इंतजाम कर सकते हैं, तभी वे अपना घर छोड़कर कहीं और जाएंगे। उनके साथ उनके परिवार वालों ने भी किसी खास सुरक्षा प्रावधान से इंकार कर दिया और 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के हमले में इन सभी ने अपनी शहादत दी। खामेनेई का कहना था कि एक नेता को हमेशा अपनी जनता और गरीबों के बराबर ही रहना चाहिए। अगर कोई नेता अपने लिए अलग और खास जीवन जीने लगे, तो वह देश का नेतृत्व करने के लायक नहीं रहता।

अयातुल्लाह अली खामेनेई के बाद सुरक्षा परिषद के प्रमुख अली लारीजानी भी इसी तरह हमले में मारे गए। और जब तक वे जिंदा थे, उन्हें कई बार ईरान की सड़कों पर आम जनता के साथ, आम जनता के बीच देखे गये। अब राष्ट्रपति डॉ. पेजेशिकयान ने भी शहादत का यही जज्बा दिखाया है। डोनाल्ड ट्रंप से पूछा जाना चाहिए कि क्या असभ्य, खतरनाक और आतंक फैलाने वाले लोग ऐसे होते हैं, क्योंकि ईरान को वे दुनिया की सबसे खतरनाक कौम कहते हैं। ईरान ने साहस और देशभक्ति की नयी मिसाल ही नहीं पेश की, बल्कि इंसानियत और भाईचारा भी दिखाया है। ईरान के दुनिया भर में बने दूतावासों से रोजाना ही ट्रंप और इस युद्ध को लेकर पोस्ट हो रहे हैं, जिनमें कभी तंज होते हैं, कभी मार्मिक संदेश होते हैं। किसी पोस्ट में मीनाब शहर की मृत बच्चियों के साथ जेफ्री एपस्टीन के द्वीपों में यौनशोषण का शिकार बच्चियों को ईरान एक साथ रखकर ट्रंप और नेतन्याहू को उनका दोषी करार दे रहा है, तो किसी में दिवंगत खामेनेई के साथ स्वर्ग में इन बच्चियों को दिखा रहा है। कहीं ट्रंप की पाषाण युग में भेजने वाली धमकी पर उलाहना है। लेकिन इन सबके साथ अमेरिकी जनता को कई बार ये संदेश ईरान ने दिया है कि हमारी दुश्मनी आपसे नहीं है, हम आपका नुकसान नहीं चाहते, लेकिन ट्रंप और नेतन्याहू आपके जीवन को खतरे में डाल रहे हैं।

युद्ध में दुश्मन देश की जनता के लिए भी चिंता होना क्या पाषाण युग के लक्षण हैं या इंसानियत दिखाने की पराकाष्ठा है, ये दुनिया को तय करना है।

# न्यायपालिका में ए. आई. के उपयोग की संभावनाएं

सर्वप्रथम मैं ख्याति प्राप्त कवि एवं चिंतक डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की पंक्तियों से अपनी बात प्रारंभ करना चाहूंगा—

क्या हार में क्या जीत में,
किंचित नहीं भयभीत मैं,
संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी
सही वह भी सही,
वरदान मांगूंगा नहीं।

विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई. ) अर्थात कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उसके न्यायपालिका में उपयोग से संबंधित है, जो जितना आधुनिक है उतना ही महत्वपूर्ण भी है। इसलिए इसके मूल स्वरूप को संक्षेप में समझना आवश्यक है, ताकि आगे हम न्यायपालिका में इसके प्रयोग को बेहतर ढंग से समझ सकें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई. ) का विकास अनेक वैज्ञानिकों के योगदान से हुआ। समय के साथ यह तकनीक मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के रूप में विकसित होकर ऐसी स्थिति में पहुंच गई है, जहां यह डाटा, एल्गोरिदम और कंप्यूटिंग शक्ति के आधार पर स्वयं सीखकर निर्णय लेने में सक्षम हो गई है। सरल शब्दों में कहें तो ए.आई. मनुष्य के व्यवहार को समझकर कार्य करने वाली एक बुद्धिमान प्रणाली है, जो जटिल समस्याओं का समाधान तेजी और सटीकता के साथ कर सकती है।



ज. अनिल कुमार शुक्ला

> भारत के संदर्भ में अभी कई चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनमें न्यायिक प्रक्रियाओं में औपचारिक ढांचे का अभाव, अत्यधिक निर्भरता का जोखिम और ए.आई.के प्रशिक्षण की कमी प्रमुख हैं। यदि सावधानीपूर्वक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग न्यायालयीन कार्यों में किया जाए, विशेषकर उन मामलों में जो डाटा आधारित हैं, जैसे संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स से संबंधित प्रकरण।

<>आज चिकित्सा के क्षेत्र में इसके माध्यम से रोगों की पहचान अधिक सटीक हो रही है और भविष्य में संभावित बीमारियों का अनुमान भी लगाया जा रहा है, वहीं मौसम विज्ञान में यह पूर्वानुमान देने में सक्षम है कि कब और कितनी वर्षा होगी, जिससे किसान अपनी फसलों की योजना पहले से बना लेते हैं और आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन के माध्यम से कृषि कार्य अधिक प्रभावी हो गए हैं।

इसी प्रकार कंप्यूटर विज़न और रोबोटिक्स के माध्यम से उद्योगों में उत्पादन क्षमता बढ़ी है और एक जैसे कार्य कम समय में अधिक दक्षता से संपन्न हो रहे हैं, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी ए.आई. ने जानकारी को त्वरित और संक्षिप्त रूप में उपलब्ध कराकर कार्यों को सरल बना दिया है। वित्तीय क्षेत्र में यह धोखाधड़ी की पहचान करने और बाजार के रुझानों का विश्लेषण करने में सहायक है, वहीं अंतरिक्ष विज्ञान और रक्षा क्षेत्र में भी इसकी भूमिका निरंतर बढ़ रही है, जिससे स्पष्ट है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध हो रहा है, और इसी व्यापक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए अब यह आवश्यक हो जाता है कि हम न्यायपालिका जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इसके संभावित उपयोग पर विचार करें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसकी सेल्फ लर्निंग क्षमता है, किंतु इसके लिए सही और प्रमाणिक डाटा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि त्रुटिपूर्ण डाटा से प्राप्त परिणाम भी गलत हो सकते हैं। इसके साथ ही इसके उपयोग से समय की बचत और कार्यों में सटीकता तो आती है, परंतु डाटा की गोपनीयता, रोजगार पर प्रभाव और साइबर अपराध जैसी चुनौतियां भी सामने आती हैं। जैसे फर्जी प्रोफाइल बनाना, छवि का दुरुपयोग करना या भ्रामक जानकारी फैलाना। इसके अतिरिक्त यह भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि यदि ए.आई.के माध्यम से किसी व्यक्ति के बारे में आपत्तिजनक सामग्री प्रस्तुत होती है तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? यह भविष्य का एक गंभीर विधिक प्रश्न है। इसलिए यह आवश्यक है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग पूरी सावधानी और नैतिकता के साथ किया जाए, क्योंकि यह मानव जीवन को सरल बनाने का एक प्रभावी साधन तो है, किंतु मानव की भावनाओं और नैतिक मूल्यों का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकता।

इन्हीं आधारों को ध्यान में रखते हुए हम न्यायपालिका में इसके उपयोग की संभावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। सर्वप्रथम कानूनी शोध के क्षेत्र में यह अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है, जहां न्यायाधीश, अधिवक्ता और शोधार्थी इसके माध्यम से त्वरित रूप से आवश्यक सामग्री प्राप्त कर रहे हैं।

पहले जहां किसी केस में लॉ (कानून ) को खोजने के लिए अनेक पुस्तकों का अध्ययन करना पड़ता था, वहीं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से वह कार्य तुरंत संभव हो गया है। इसके अतिरिक्त केस मैनेजमेंट और न्यायालयीन प्रक्रिया के प्रबंधन में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। न्यायालयों में अनुवाद और लिप्यांतरण के कार्य में भी ए.आई.सहायक बन रहा है। उच्चतम न्यायालय में इस प्रकार के प्रयोग प्रारंभ हो चुके हैं, जहां विभिन्न भाषाओं में दिए गए निर्णयों और दस्तावेजों का त्वरित अनुवाद संभव हो रहा है, जिससे कार्य की दक्षता बढ़ती है, सटीकता में सुधार होता है और त्रुटियों की पहचान करना भी सरल हो जाता है। साथ ही मैनुअल कार्य में कमी आने से समय और खर्च दोनों की बचत होती है। किन्तु इसके साथ यह संभावना भी बनी रहती है कि यदि डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसके आधार पर अनुचित परिणाम सामने आ सकते हैं। इसके अतिरिक्त ए.आई. आधारित निर्णयों में पारदर्शिता और स्पष्टीकरण का अभाव भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है, तथा अत्यधिक निर्भरता से मानवीय संवेदनाओं और न्यायाधीश के अनुभव पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि न्यायिक प्रक्रिया में केवल साक्ष्य ही नहीं बल्कि गवाह की भाव-भंगिमा, व्यवहार और आचरण भी कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही यदि समस्त सूचनाएं डाटा के रूप में संरक्षित होती हैं तो गोपनीयता का जोखिम भी बना रहता है। अत: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने के लिए आवश्यक सावधानियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके लिए ए.आई.गवर्नेंस फ्रेमवर्क विकसित किया जाना चाहिए तथा न्यायालयों में इसके उपयोग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित होने चाहिए। निष्पक्षता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र ऑडिट की व्यवस्था आवश्यक है और गोपनीयता की सुरक्षा को भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए, साथ ही कानूनी शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

भारत के संदर्भ में अभी कई चुनौतियां विद्यमान हैं, जिनमें न्यायिक प्रक्रियाओं में औपचारिक ढांचे का अभाव, अत्यधिक निर्भरता का जोखिम और ए.आई.के प्रशिक्षण की कमी प्रमुख हैं। यदि सावधानीपूर्वक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग न्यायालयीन कार्यों में किया जाए, विशेषकर उन मामलों में जो डाटा आधारित हैं, जैसे संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावे और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स से संबंधित प्रकरण, तो इनका त्वरित निपटारा संभव हो सकता है, जिससे न्यायालय का समय बचेगा और जटिल तथा गंभीर मामलों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा, क्योंकि वर्तमान में निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक सभी स्तरों पर लंबित प्रकरणों का दबाव बना हुआ है।

न्यायाधीशों की संख्या की अपेक्षा उनके समक्ष लंबित मामलों की संख्या अत्यधिक है और उनके त्वरित निराकरण के लिए वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अतिरिक्त कोई प्रभावी विकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। इस संदर्भ में कुछ प्रकरण भी उल्लेखनीय हैं, जिनसे यह स्पष्ट होता है कि न्यायालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सहायक उपकरण के रूप में प्रारंभ हो चुका है। उदाहरण स्वरूप एक मामले में, जिसमें एक कर्मचारी को सेवा से पृथक किया गया था और उसे पर्याप्त कारणों की जानकारी नहीं दी गई थी, न्यायालय ने उपलब्ध तथ्यों और तकनीकी साधनों की सहायता से मामले का परीक्षण करते हुए प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को प्राथमिकता दी।

इसी प्रकार वर्ष 2023 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति अनूप चितकारा द्वारा निर्णय प्रक्रिया के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण का संदर्भ लिया गया, जिसने इस दिशा में एक नई संभावनाओं को संकेत दिया। भारत के अतिरिक्त अन्य देशों में भी न्यायपालिका द्वारा ए.आई. के उपयोग की दिशा में प्रयास बढ़ रहे हैं, जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका में कुछ प्रकरणों में ए.आई.आधारित अनुसंधान उपकरणों का उपयोग देखा गया है, वहीं यूनाइटेड किंगडम में न्यायालयों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे इसके व्यवस्थित और जिम्मेदार उपयोग की रूपरेखा स्पष्ट होती है।

चीन सहित कुछ अन्य देशों में भी न्यायालयीन प्रक्रियाओं को अधिक दक्ष और त्वरित बनाने के लिए तकनीकी साधनों, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। इन सभी उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(ए. आई. )न्यायपालिका में निर्णय का विकल्प नहीं, बल्कि एक सहायक साधन के रूप में उभर रहा है, जो न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाने में योगदान दे सकता है। मैं यह आशा और विश्वास व्यक्त करता हूं कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, त्वरित एवं न्यायसंगत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**( उज्जैन में आयोजित तेइसवीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला में 21 नवम्बर 2025 को 'ए. आई. युग में सामाजिक सरोकार एवं न्याय के उपादान' विषय पर प्रमुख वक्ता के रूप में वीडियो कॉन्फ्रेंस में लेखक द्वारा दिए गए भाषण पर आधारित आलेख )**



## ललित सुरजन की कलम से

### जोसेफ ब्रूचाक

**( अमेरिकन मूलनिवासी कवि )**

हम देख रहे हैं
पंचायत घर की खिडकियों से,
जहाँ हमारी दादियों ने
समझ और धीरज के साथ
चुना उन नेताओं को
जिन्हें जनता ने चाहा, विश्वास किया,
और आगे बढ़ाया,
जहाँ आकाश को प्रकंपित करते हुए
डैने फडफ़ड़ाकर चीलों ने
संगीत दिया
शांति के गीतों को,
बच्चों की, बड़ों की और
आने वाली पीढियों को
स्वस्ति के लिए,

हम देख रहे है
उस ठिकाने से, जहाँ दफन किए गए
बंधुद्रोही लड़ाईयों के हथियार और
जहाँ अब खड़ा है
गगनचुंबी वृक्ष देवदार का,
और उस पर बैठी चील
नीचे देखती हुई

**अंग्रेजी से रुपांतर:ललित सुरजन**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2020/07/blog-post_15.html

पावन प्रसंग

## जीवन विकास में पुस्तकों का महत्व

मानव जीवन के विकास में ज्ञान का स्थान सर्वोपरि है और इस ज्ञान की प्राप्ति का सबसे सशक्त माध्यम पुस्तकें हैं। स्वाध्याय और पुस्तकें एक-दूसरे के पूरक हैं। जिस प्रकार अन्न और जल जीवन के लिए आवश्यक हैं, उसी प्रकार पुस्तकें बौद्धिक और आत्मिक विकास के लिए अनिवार्य हैं। पुस्तकें केवल कागज और अक्षरों का संग्रह नहीं होतीं, बल्कि उनमें महान विचारकों, संतों और महापुरुषों के अनुभव, चिंतन और जीवन का सार समाहित होता है। वे मनुष्य को दिशा देती हैं, उसे अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाती हैं।

पुस्तकों की विशेषता यह है कि वे निर्जीव होते हुए भी जीवंत प्रतीत होती हैं। उनमें लेखक की आत्मा बसती है। जब कोई व्यक्ति पुस्तक खोलता है तो उसे ऐसा अनुभव होता है मानो महान व्यक्तित्व उसके सामने उपस्थित होकर उससे संवाद कर रहे हों। इस प्रकार पुस्तकें केवल ज्ञान का संग्रह नहीं बल्कि जीवंत संवाद का माध्यम बन जाती हैं। यही कारण है कि उन्हें ज्ञानियों की समाधि कहा गया है, जहां उनके विचार सुरक्षित रहते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी मानवता का मार्गदर्शन करते हैं।

पुस्तकों का प्रभाव दो प्रकार का होता है। वे अमृत भी बन सकती हैं और विष भी। अच्छी पुस्तकें मनुष्य को सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं, उसके विचारों को शुद्ध करती हैं और उसके चरित्र का निर्माण करती हैं। वे सच्चे मित्र की भांति उसका मार्गदर्शन करती हैं और जीवन की कठिनाइयों में उसे सही दिशा दिखाती हैं। इसके विपरीत, निम्न स्तर की या गलत विचारों वाली पुस्तकें मनुष्य को भ्रमित कर सकती हैं और उसे गलत रास्ते पर ले जा सकती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि व्यक्ति विवेकपूर्वक पुस्तकों का चयन करे और सद्ग्रंथों का अध्ययन करे।

पुस्तकों का महत्व इस बात से भी स्पष्ट होता है कि वे अमर होती हैं। मनुष्य का शरीर नश्वर है, लेकिन उसके विचार और कृतियां पुस्तकों के माध्यम से सदैव जीवित रहती हैं। प्राचीन ग्रंथ जैसे गीता, रामायण, महाभारत और अन्य धार्मिक व नैतिक साहित्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने समय में थे। इन ग्रंथों ने न केवल अपने युग को प्रभावित किया बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी दिशा प्रदान की है। यही कारण है कि पुस्तकें लेखक के अमरत्व का प्रतीक मानी जाती हैं।

इतिहास में पुस्तकों के निर्माण और संरक्षण के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। प्राचीन काल में ज्ञान को सुनकर याद रखने की परंपरा थी, जिसे श्रुति कहा जाता था। बाद में जब यह अनुभव हुआ कि स्मृति पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, तब ज्ञान को लिखित रूप देने की आवश्यकता महसूस हुई। प्रारंभ में ताड़पत्र, भोजपत्र और चमड़े पर लेखन किया जाता था। यह प्रक्रिया अत्यंत कठिन और श्रमसाध्य थी। एक पुस्तक तैयार करने में वर्षों लग जाते थे और उसकी प्रतियां बनाना भी अत्यंत कठिन कार्य था। इसके बावजूद ज्ञान के संरक्षण के लिए विद्वानों और राजाओं ने अथक प्रयास किए।

**-कांतिलाल मांडोत**

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री ने स्वामी रामभद्राचार्य से की भेंट



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर तुलसी पीठाधीश्वर, रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से साकेत वाटिका में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने स्वामी रामभद्राचार्य का शॉल, श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। स्वामीजी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का माला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद दिया। स्वामीजी के अनुयायियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री राम दरबार की प्रतिकृति भेंट की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन भी उपस्थित थे।

### अजा विद्यार्थियों को छात्रगृह योजना में हर माह मिलेंगे 10 हजार : चौहान

**भोपाल, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार



अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में मंत्री-परिषद द्वारा दिल्ली स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रगृह योजना में संशोधन करते हुए प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह 10 हजार रुपये की राशि प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि छात्रगृह योजना में प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा, जिसमें 50 स्नातक और 50 स्नातकोत्तर स्तर के नवीन विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। साथ ही पूर्व से अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी योजना का लाभ मिलेगा।

### बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया नमन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'वन्दे मातरम्' के रचयिता, राष्ट्र की चेतना को जागृत करने वाले महान साहित्यकार स्व. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किस्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों का महामंत्र रहा 'वन्दे मातरम्' आज 100 वर्षों के बाद 'विकसित भारत' के निर्माण को भी नई दिशा और शक्ति दे रहा है।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बनाया उद्यमियों को स्वावलम्बी: डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लगभग 58 करोड़ मुद्रा ऋण के माध्यम से 40 लाख करोड़ से अधिक की राशि वितरित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को मुद्रा योजना की उपलब्धि के लिए धन्यवाद देते हुए आभार भी माना है।

### मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर किया पुण्य स्मरण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माँ भारती के अमर सपूत, महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर उनका पुण्य स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीर मंगल पांडे ने अंग्रेजी हुकूमत को जिस तेवर और ताकत से ललकारा, उससे हर भारतीय का स्वाभिमान जागृत, 1857 की क्रांति की ज्वाला घर-घर तक पहुंची।

---

मुख्यमंत्री ने किसान और स्वयंसेवी संस्थाओं से किया वर्चुअल संवाद

# मुख्यमंत्री कार्यालय से रखी जाएगी गेहूं खरीदी पर नजर

**उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए सहज-सुगम व्यवस्था की जाए सुनिश्चित**



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 9 अप्रैल से गेहूँ खरीदी आरंभ हो रही है। उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सहज-सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सभी कलेक्टर्स और एसडीएम को दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार किसान और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल संवाद के दौरान व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। गेहूँ की प्रति क्विंटल कीमत को वर्तमान स्तर तक लाना बड़ी चुनौती थी, हम इसे 2700 रूपये प्रति क्विंटल तक ले जाएंगे। किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलवाना हमारी प्रतिबद्धता है। हम जनता की सेवा करना चाहते हैं, इसी उद्देश्य से उपार्जन केंद्रों पर गेहूँ खरीदी की बेहतर व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित किये जा रहे हैं, जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से संपूर्ण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाएगी। उपार्जन केंद्रों पर पंपलेट और होर्डिंग के द्वारा भी किसानों को व्यवस्था के संबंध में जानकारियां देने के निर्देश दिए गए हैं। वर्ष 2026 से किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

## इंदौर ननि बैठक में वंदे मातरम् को लेकर हंगामा

**कांग्रेस पार्षद फौजिया और रुबीना ने किया गाने से इंकार**

**इंदौर, एजेंसी।** बजट पर चर्चा के दौरान इंदौर नगर निगम में वंदे मातरम पर जमकर हंगामा हुआ है। बैठक में पार्षद फौजिया शेख अलीम और रूबीना खान ने वंदे मातरम् गाने से इकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता है। जिसके बाद भाजपा पार्षद सभापति की आसंदी तक पहुंच गए और जमकर हंगामा किया।

भाजपा पार्षदों ने यहां जमकर नारेबाजी की, हंगामा बढ़ते देख सभापति ने कांग्रेस पार्षद फौजिया को थोड़ी देर के लिए बाहर जाने को कह दिया। इस बीच कांग्रेस पार्षद ने कहा कि उन्हें वह एक्ट दिखाया जाए, जिसमें वंदे अनिवार्य है। इसके बाद वह सदन से उठकर बाहर चली गईं। सदन से बाहर मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्षद फौजिया ने कहा कि हमारा धर्म इसकी इजाजत नहीं देता है।

वहीं, इस विवाद के दौरान पार्षद रुबिना खान ने कहा कि अगर एक बाप की औलाद हो तो बुलवाकर दिखाओ। इस दौरान सदन की कार्यवाही में और हंगामा मच गया। वहीं, इस मामले में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि वंदे मातरम गाना व्यक्तिगत इच्छा हो सकती है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के सम्मान के लिए पूरी तरह से समर्पित है।

---

मुख्य सचिव ने की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा

## चालू वित्तीय साल की 15 तारीख तक पेश करें कार्ययोजना : मुख्य सचिव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं को समाहित कर अपने विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्य योजना और लक्ष्य 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें। उन्होंने सी.एम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में समय-सीमा से ऊपर के प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ सेंपल जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य सचिव श्री जैन बुधवार को मंत्रालय में समस्त विभागाध्यक्षों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।मुख्य सचिव श्री जैन ने वर्ष 1947 के पूर्व बने कानूनों में संशोधन, निरसन और नया एक्ट लाने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने 31 मई की अंतिम समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को पूर्ण करें जिससे आवश्यक होने पर मंत्रि-परिषद की मंजूरी ली जा सके। बैठक में एक्शन प्लान-2028 की प्रगति रिपोर्ट का स्टेट्स रिव्यू भी किया गया।

मुख्य सचिव श्री जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान में सम्मलित सभी ग्रामीण, नगरीय, वन क्षेत्र आदि के कार्यों की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों की प्रगति रिपोर्ट एक ही प्रारूप में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की सुगम उपलब्धता के लिए लगातार एक्शन मोड में काम करने को कहा। उन्होंने नए हैंडपंप खनन के लिए एक-दो दिन में एसओपी जारी करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने ग्रामीण अंचलों में अग्नि-दुर्घटनाओं की रोकथाम के अलावा बचाव कार्य के लिए योजना बनाने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री जैन ने एमपीई-सेवा पोर्टल के उपयोग की समीक्षा की और इसे नागरिकों के लिए और भी आसान बनाने के निर्देश दिए। अब तक 1055 सेवाएं आनॅलाइन हुई हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी सेवाएं देखकर अद्यतन कर लें।

---

प्रदेश अध्यक्ष ने मुरैना-भिण्ड में बूथ सम्मेलन व बैठकों को किया संबोधित, कहा-

## कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा सबसे बड़ा दल बना




**मुरैना/भिण्ड, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा है कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। इसलिए भाजपा अन्य सभी दूसरे दलों से अलग है। भाजपा आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कार्य कर रही है। श्री खण्डेलवाल आज मुरैना और भिण्ड जिले के अटेर में आयोजित बूथ सम्मेलन और बैठकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएं, संगठन को और मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाना है। प्रदेश की जनता को भाजपा संगठन और सरकार हर समाज वर्ग के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है यह भी बताना है। पार्टी कार्यकर्ता भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां जनता को बताकर गांव-गांव तक संगठन को और मजबूत बनाएं।

श्री खण्डेलवाल ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए नई व्यवस्था के तहत आगामी समय में विधायक, मंत्री और सांसदों के कार्यालयों में उनके मिलने के दिन निर्धारित किए जाएंगे, ताकि कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच दूरी कम हो और संवाद बेहतर हो सके। पार्टी स्थापना दिवस के बाद 'गांव-बस्ती चलो' अभियान चलाया जा रहा है। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर भिण्ड में मंत्री राकेश शुक्ला, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, संभाग प्रभारी अभय प्रताप सिंह, सांसद संध्या राय, पूर्व मंत्री अरविन्द भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र नरवरिया मौजूद थे। वहीं मुरैना में मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, सांसद शिवमंगल तोमर, पार्टी के प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, जिला प्रभारी राजू बाथम, विधायक सरला रावत, महापौर शारदा सोलंकी उपस्थित थे।

### हर वर्ग को सशक्त बनाने का किया जा रहा प्रयास : तोमर

विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुरैना में आयोजित सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। श्री खण्डेलवाल के मार्गदर्शन में पार्टी संगठन तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार की योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास की रोशनी पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है, और भाजपा इसके लिए दृढ़ संकल्पित है। कार्यकर्ता सरकार और संगठन के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें, ताकि मध्यप्रदेश को देश का श्रेष्ठ प्रदेश बनाया जा सके।

---

### निगम-मंडलों, प्राधिकरणों और आयोगों में नियुक्तियां फिर टलीं

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में निगम, मंडलों, प्राधिकरणों और आयोगों में होने वाली नियुक्तियां एक बार फिर टाल दी गई हैं, इन नियुक्तियों से पहले नगरीय निकायों में बकाया एल्डरमैन और जनभागीदारी समितियों में नियुक्तियां की जाएंगी। सरकार और संगठन के स्तर पर इन नियुक्तियों को लेकर लम्बे समय से चल रही कवायद लगभग पूरी हो गई है, लेकिन इन नियुक्तियों के लिए दावेदारों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। बताया जाता है कि सत्ता और संगठन के स्तर पर यह तय किया गया है, कि पहले एल्डरमैन की नियुक्तियां कर दी जाएं, इसके साथ ही जनभागीदारी समितियां गठित करने का काम पूर्ण कर दिया जाए। निगमों, प्राधिकरणों और आयोगों में नियुक्तियां बाद में हों। सूत्रों के अनुसार भाजपा संगठन का मानना है कि पहले निचले स्तर पर नियुक्तियों का काम पूर्ण कर लिया जाए, क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जानी है।


**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर पन्ना जिला पन्ना म.प्र.**

आदेशिका क्र./1360/ 2025 पन्ना, दिनांक- 19.11.2025

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

नोटिस दाता-**संदीप सेन** उम्र 23 वर्ष पुत्र स्व.श्री वंशलाल
निवासी-ग्राम रमपुरा पोस्ट मोहन्द्रा तहसील सिमरिया जिला पन्ना म.प्र.

**एवं**

**उत्तरादेवी ( विधवा )** उम्र 25 वर्ष, पति स्व. श्री सुनील सेन
निवसी वार्ड नं. 05 देवेन्द्रनगर तहसील देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र.

इस नोटिस के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नोटिस दाताओं ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत् परस्पर विशेष विवाह करने हेतु सूचना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त विवाह के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि द्वारा लिखित रूप में इस उद्घोषणा जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विधि के सम्यक अनुक्रम में सुनवाई नहीं की जाएगी।

उद्घोषणा के साथ द्वितीय अनुसूची "आशयित विवाह की सूचना" संलग्न कर भेजी जा रही है। उद्घोषणा का विधिवत् प्रकाशन कराया जाए एवं बाद तामील इस न्यायालय को भेजी जाए।

उद्घोषणा आज दिनांक 04 नवम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई।

संलग्न-आशयित विवाह की सूचना।
प्रकरण में सुनवाई तिथि-**15.04.2026**

**( मधुवन्तराव धुर्वे )**
**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी पन्ना, जिला- पन्ना ( म.प्र. )**


---

अपर मुख्य सचिव ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा कर दिए निर्देश

## जहां लाईन, वहां 10 दिन में पीएनजी सप्लाई शुरू करें

**भोपाल, देशबन्धु।** अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिलों के अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारी तथा ऑयल कंपनी एवं सीजीडी के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि ऐसे हाउसहोल्ड जहां पीएनजी की लाईन कनेक्ट की जा चुकी है, उनको आगामी 10 दिवस के अंदर पीएनजी सप्लाई शुरू करें। ऐसे उपभोक्ताओं को समझाईश भी दी जाये कि यदि उनके द्वारा पीएनजी सप्लाई नहीं ली जाती है, तो भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 3 माह में उनकी एलपीजी सप्लाई बंद की जा सकती है। एसीएस शमी ने गृह विभाग के अधीन आने वाले संस्थाओं/सुधार गृहों के साथ-साथ पुलिस, सीएपीएफ, डिफेंस इस्टेब्लिशमेंट, ऑफिसर्स कॉलोनी, सामान्य प्रशासन पूल के घरों, पुलिस मुख्यालय, पुलिस कॉलोनी, आदि में जहां से आस-पास पाईपलाईन बिछी हुई है, उनको प्राथमिकता के आधार पर पीएनजी कनेक्शन देने के निर्देश दिये।

**सीजीडी संस्थाओं को पाईपलाईन बिछाने की अनुमति:** राज्य शासन द्वारा पीएनजी कनेक्शन प्रदाय करने के लिए सीजीडी संस्थाओं को उनके आवेदन किये जाने के 24 घंटे के अंदर पाइपलाइन बिछाने की ऋह्न स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं। अभी तक समस्त स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं, कोई भी आवेदन शेष नहीं है।

**कालाबाजारी के विरूद्ध कार्रवाई:** प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 3226 स्थानों पर जांच की गई, 3961 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत रूप से गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद महासमुंद**
**जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**

क्रमांक/50/लो.नि.वि./SBM 2.0/2026-27 महासमुंद, दिनांक 08.04.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ( तृतीय आमंत्रण )**

नगर पालिका परिषद महासमुंद, जिला-महासमुंद छ.ग. द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से Form-A (PERCENTAGE RATE) में नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि ( लाख में ) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 188525 | Revamping of Material Facility (MRF) including of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas Mahasamund, Chhattisgarh | 150.12 | 20.04.2026 | 06 माह वर्षाऋतु सहित एवं 03 माह ट्रालय रन |

उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबपोर्टेल Main Portal : https/eproc. cgstste. gov.in वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद महासमुंद**



खण्ड-I

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्यप्रदेश शासन वन विभाग**

**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, दक्षिण सागर वनमण्डल, सागर**

Ph-07582-236215, Email-dfotssagar@mp.gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- व्यय / 2026/219 दिनांक 02.04.2026

1. वनमंडल अधिकारी दक्षिण सागर वन मंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथां संशोधन-2022) के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं निर्माण कार्यों के उपयोग हेतु निम्नानुसार सामग्री क्रय करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का विवरण |
|---|---|
| 1 | Galvanized steel Chain Link Fence - Mesh Wire - Galvanized steel wire of 4.00 mm diameter Fabric Size - 75x75 mm Height- 150 cm Line Wire- 2 numbers of line wires of 4.50 mm diameter Standard - Conforming to IS-2721-2003, with up to date amendments. |
| 2 | Galvanized steel Chain Link Fence - Mesh Wire - Galvanized steel wire of 3.15 mm diameter Fabric Size 100x100 mm Height-150 cm Line Wire-2 numbers of line wires of 4.00 mm diameter Standard - Conforming to IS-2721-2003, with up to date amendments. |
| 3 | BARBED WIRE - Line Wire - Galvanized steel wire of 2.5 mm diameter. Point wire - Galvanized steel wire of 2.5 mm diameter. Barbs-Distance between two boards 75mm, the barbs shall have four points and shall be formed by twisting two point wires each two turns. tightly around both the line wires making altogether four complete turns. Standard- Conforming to IS-278-2009. |
| 4 | Pre Stessed Reinforced Cement Concrete (PRCC) Fencing Pole Height 2.00 Mtrs- Type-Straight Length - 2.00 Meter Dimensions - Bottom 10X10 cm Square, Top 10X10 cm Square Cement Concrete Mix - Concrete mix shall be conforming to Grade M-15 of IS:456 with Upto Date amendments Reinforcemnt- There shall lbe 4 nos. of vertical reinforcement of high tensile steel wire of 4 mm diameter. Holes-Fencing pole should be prvided with 6 holes. Hook: Six hooks of 4 mm MS bars should also be provided with fencing pole. |
| 5 | GI Wire |
| 6 | Binding Wire |
| 7 | Angle Iron Poles - Size 2.00 Mtr Length (Straight type: 50x50x5 mm, with an approximate weight of 3.8 kg per meter) - पोल्स के निचला भाग फटा हुआ होना चाहिये एवं पोल्स के निचले भाग से प्रारंभ करके क्रमशः 55 cm, 80 cm,110 cm,140cm एवं 170cm के अंतर पर छिद्र होना आवश्यक है। |

2. निविदा हेतु सत्यंकार निधि 3,00,000/- तथा निविदा दस्तावेजों का मूल्य राशि 1000/- + Processing Fees (Determined automatically by portal) होगा।
3. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
4. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 06.04.2026 सांय 06 बजे से दिनॉक 27.04.2026 दोपहर 12 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकतें है।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप मे उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियाँ लागू होगी।
6 निविदा पूर्व बैठक दिनांक 16.04.2026 समय 12.00 PM को कार्यालय वनमंडल दक्षिण सागर (सा.) में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। विडियो कॉन्फ्रेंस का लिंक प्राप्त करने हेतु E-mail: dfotssagar@mp.gov.in पर दिनांक 15.04.2026 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करें। विडियो कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 16.04.2026 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगा। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होंगे जिन्होंने ई-टेंडर फार्म खरीदे हैं।
7. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित कियें जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं ।
8. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल:- https://mptenders.gov.in/

जी-11223/26

**वनमंडल अधिकारी**
**दक्षिण सागर वनमंडल**



खण्ड-I

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्यप्रदेश शासन वन विभाग**

**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, दक्षिण सागर वनमण्डल, सागर**

Ph - 07582-236215, Email-dfotssagar@mp.gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- व्यय / 2026/220 दिनांक 02.04.2026

1. वनमंडल अधिकारी दक्षिण सागर वन मंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधन-2022) के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं निर्माण कार्यों के उपयोग हेतु निम्नानुसार सामग्री क्रय करने हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण |
|---|---|
| 1 | सीमेन्ट (बिरला, प्रिज्म, अल्ट्राटेक, एसीसी, माईसेम)-53 ग्रेड (50 किग्रा प्रति बोरी) |
| 2 | लोहा 12 MM (ISI Mark) |
| 3 | लोहा 10 MM (ISI Mark) |
| 4 | लोहा 8 MM (ISI Mark) |
| 5 | लोहा 6 MM (ISI Mark) |
| 6 | ईंट (भट्टे वाली) साईज 4×4×8 inch |
| 7 | नदी की साफ रेत/भसुआ (लाल वाली, नदी से प्राप्त) |
| 8 | गिट्टी 8 MM (ब्लास्टिंग वाली) |
| 9 | गिट्टी 10 MM (ब्लास्टिंग वाली) |
| 10 | गिट्टी 12 MM (ब्लास्टिंग वाली) |
| 11 | गिट्टी 20 MM (ब्लास्टिंग वाली) |
| 12 | गिट्टी 40 MM (ब्लास्टिंग वाली) |
| 13 | Kajaria फ्लोर टाईल्स डबल लेयर |
| 14 | Kajaria वाल टाईल्स डबल लेयर |
| 15 | वाल पुट्टी |
| 16 | साल लकड़ी |
| 17 | मोनोक्लोरोफोस 36% |
| 18 | ग्रोथ हार्मोन |
| 19 | प्रोफेनोफोस 40% + साईपरमेट 4% |
| 20 | Chloropyriphos 20% EC |
| 21 | 0.5 mm thick Profile Sheet GI |
| 22 | ट्यूबलर स्टील पाईप (1 इंच, 2 इंच एवं 3 इंच) |
| 23 | कोटा स्टोन |
| 24 | उपजाऊ मिट्टी |
| 25 | गोबरखाद |
| 26 | यूरिया |
| 27 | डी.ए.पी. |
| 28 | इमल्शन पेन्ट (पुताई कार्य हेतु) |
| 29 | हार्ड मुरम |
| 30 | डस्ट/जीरा गिट्टी साईज 6 MM |
| 31 | पेवर ब्लाक-सीमेन्ट (स्टेण्डर्ड साईज) |
| 32 | पेवर ब्लाक साईज 6×6×4 inch (पत्थर) |
| 33 | सागौन रूटसूट नेकेड क्रोबार से रोपण हेतु (आयु 1 से 1.25 वर्ष, लंबाई 9 इंच, रूट - 8 इंच, शूट-1 इंच, कॉलर गोलाई - 4 से 8 सेमी) |
| 34 | वृक्षारोपण कार्यों हेतु लोहा गेट (साईज 10 फीट लंबाई एवं 6 फीट ऊंचाई) अनुमानित वजन लगभग 100 कि.ग्रा. |
| 35 | वृक्षारोपण हेतु लोहे का साईन बोर्ड (लिखाई सहित) साईज 3×4 Ft |
| 36 | सरई लकड़ी से बनी चौखट/जंगला |
| 37 | सागौन/यूकेलिप्टस/नीलगिरी पोल्स (2 मीटर लंबे पूर्ण रूप से सूखे, लकडी के खंबे जिस पर वाटर रेसिसटेन्ट पेन्ट किया हुआ) (पोल्स साईज - मध्यम भाग 31 से 40 सेमी गोलाई एवं उपर के सिरे पर नुकीला होना चाहिये) इसके साथ ही निम्नानुसार विशेषतायें आवश्यक हैं - 1- पोल्स के मध्यम भाग की मोटाई 31 से 40 सेमी होनी आवश्यक है । 2- पोल्स की ऊंचाई 2 मीटर होना आवश्यक है । 3- पोल्स के निचले भाग से प्रारंभ करके क्रमशः 55 cm, 80 cm, 110 cm, 140 cm एवं 170 cm के अंतर पर आयरन हुक लगा होना आवश्यक है । पोल्स के ऊपर भाग में 30 सेमी एवं निचले भाग में 60 सेमी में डामर पेन्ट आवश्यक है। |

2. निविदा हेतु सत्यंकार निधि 3,00,000/- तथा निविदा दस्तावेजों का मूल्य राशि 5000/- + Processing Fees (Determined automatically by portal) होगा।
3. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
4. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट /डेबिट/कैशकार्ड/ इंटरनेट बैंकिग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनॉक 06.04.2026 सांय 06 बजे से दिनॉक 27.04.2026 दोपहर 12 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकतें है।
5. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 16.04.2026 समय 12.00 PM को कार्यालय वनमंडल दक्षिण सागर (सा.) में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। विडियो कॉन्फ्रेंस का लिंक प्राप्त करने हेतु E-mail: dfotssagar@mp.gov.in पर दिनांक 14.04.2026 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करें। विडियो कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 16.04.2026 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगा। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होंगे जिन्होंने ई-टेंडर फार्म खरीदे हैं।
6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप मे उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियाँ लागू होगी।
7. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित कियें जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं ।
8. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल:- https://mptenders.gov.in/

जी-11215/26

**वनमंडल अधिकारी**
**दक्षिण सागर वनमंडल**

## सार समाचार

### जरूरतमंदों की सहायता से मिलता है सच्चा सुख : खटीक



**पलेरा, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद और पात्र लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में जनसहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर जागरुक नागरिक का दायित्व है कि वह सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में अपना योगदान दे। यह बात भाजपा नेता एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक ने कही।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से मिले स्नेह और समर्थन ने उन्हें भावुक कर दिया है। जनता के विश्वास और प्यार को अपने सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों से क्षेत्र की सेवा का जो संकल्प लिया गया था, उसका परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अतुल खटीक ने कहा कि पंचायत क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए कार्यकर्ताओं ने टीम भावना के साथ निरंतर कार्य किया है। इसी सामूहिक प्रयास का परिणाम है कि विभिन्न योजनाओं का लाभ अब अधिक लोगों तक पहुंच रहा है।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद, गरीब और पात्र परिवारों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिकतम स्तर पर पहुंचाया जाए। साथ ही लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना ही उनके राजनीतिक जीवन का मूल उद्देश्य है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सुविधाएं पहुंचाना ही जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

### उन्नत कृषि महोत्सव को लेकर कृषक संगोष्ठी आयोजित



**सिलवानी, देशबन्धु।** विकासखण्ड सिलवानी में उन्नत कृषि महोत्सव, प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के तहत ग्राम उषापुर, ग्राम पंचायत रामपुरा कला में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिलवानी द्वारा की गई। संगोष्ठी में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों को टिकाऊ खेती अपनाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए नई पद्धतियों के उपयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर रघुवीर सिंह कुशवाह, कृषि विस्तार अधिकारी पीयूष ठाकुर, सुजीत धाकड़ तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सिलवानी सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक किसानों ने भाग लेकर कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। उल्लेखनीय है कि आगामी 11 से 13 अप्रैल तक दशहरा मैदान रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें किसानों को नई तकनीकों, योजनाओं एवं कृषि उपकरणों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# नगर पालिका अध्यक्ष पप्पू मलिक पद से बर्खास्त

## शासन की कार्रवाई, 5 साल तक चुनाव लड़ने पर भी लगाई रोक




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बुंदेलखंड की राजनीति में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जब मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार खान उर्फ पप्पू मलिक को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया। शासन ने जारी आदेश में उन्हें आगामी 5 वर्षों तक किसी भी निर्वाचन में भाग लेने के लिए अयोग्य भी घोषित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और नगर निकाय की राजनीति में नए समीकरण बनने लगे हैं।

शासन का यह निर्णय लंबे समय से चली आ रही शिकायतों, प्रारंभिक जांच, कारण बताओ नोटिस, न्यायालयीन प्रक्रिया और विभागीय परीक्षण के बाद सामने आया है।

सूत्रों के अनुसार नगर पालिका परिषद के कार्यों को लेकर पिछले कुछ समय से विभिन्न स्तरों पर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों में प्रशासनिक अनियमितता, वित्तीय प्रक्रियाओं में गड़बड़ी तथा कार्यों के निष्पादन को लेकर सवाल उठाए गए थे।

प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर पाए जाने के बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने 26 फरवरी 2026 को मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 41-क के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस में संबंधित आरोपों पर जवाब मांगा गया था और स्पष्ट किया गया था कि संतोषजनक उत्तर न मिलने पर विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

**हाईकोर्ट तक पहुंचा मामला, जांच प्रतिवेदन हुआ प्रस्तुत :** मामले ने नया मोड़ तब लिया जब अब्दुल गफ्फार खान उर्फ पप्पू मलिक ने जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की मांग की। न्यायालय के निर्देशों के पालन में विभाग ने 18 मार्च 2026 को जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई और जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय दिया।

इसके बाद 1 अप्रैल 2026 को वे स्वयं विभाग के समक्ष उपस्थित हुए और अपना लिखित जवाब प्रस्तुत किया। विभागीय स्तर पर इस जवाब का परीक्षण किया गया, लेकिन सूत्रों के अनुसार शासन उनके स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हुआ। विभागीय परीक्षण और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए शासन ने अंतिम आदेश जारी करते हुए उन्हें अध्यक्ष पद से हटा दिया। इसके साथ ही अगले 5 वर्षों तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई है।

### कैसे पहुंचा मामला बर्खास्तगी तक?

| | |
|---|---|
| 10 अगस्त 2022 | – अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला |
| 26 फरवरी 2026 | – कारण बताओ नोटिस जारी |
| 18 मार्च 2026 | – जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया |
| 1 अप्रैल 2026 | – लिखित जवाब प्रस्तुत |
| 7 अप्रैल 2026 | – पद से बर्खास्तगी और 5 साल की अयोग्यता |

### अब किसके हाथ जाएगी कुर्सी? शहर में चर्चाओं का दौर तेज

अध्यक्ष पद रिक्त होने के बाद टीकमगढ़ नगर पालिका की राजनीति में नए समीकरण तेजी से उभर रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस घटनाक्रम को अपने-अपने तरीके से राजनीतिक अवसर के रूप में देख रहे हैं। शहर में यह चर्चा भी तेज है कि अब अगला नेतृत्व किसके हाथों में जाएगा और नगर पालिका की कमान कौन संभालेगा। फिलहाल इतना तय है कि यह फैसला टीकमगढ़ की राजनीति पर लंबे समय तक असर छोड़ने वाला साबित हो सकता है।

### वसूली के आदेश - कर्तव्यों के पालन में गंभीर अनियमितताएं

आदेश के अनुसार नगर निकाय को हुई 20 लाख 82 हजार 530 रुपये की आर्थिक क्षति की वसूली के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ दुकान आवंटन, राशि गबन और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के वेतन मद से संबंधित राशि की वसूली उत्तरदायी अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ अध्यक्ष से भी की जाएगी।इस कार्रवाई के बाद शहर की राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है तथा नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

# भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए : एसडीएम

- जाम और अतिक्रमण को लेकर दिए कार्रवाई के निर्देश



**टीकमगढ़ / बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर में लगातार बन रही जाम जैसी स्थिति और अतिक्रमण की समस्या से निपटने के लिए एसडीएम कार्यालय के सभा कक्ष में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम भारती मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों को अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

बैठक में कहा गया कि बल्देवगढ़ नगर में आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे राहगीरों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की लगातार निगरानी और प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर अक्सर जाम की स्थिति बनती है, वहां तत्काल निगरानी बढ़ाई जाए और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने से यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है। विशेष रूप से बम्होरी तिगेला, बस स्टैंड और मुख्य बाजार क्षेत्र में पुलिस बल की निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए गए, ताकि यातायात सुचारु बना रहे और नागरिकों को सुविधा मिल सके।

बैठक में तहसीलदार अनिल गुप्ता ने भीषण गर्मी को देखते हुए नगर के प्रमुख स्थानों पर निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने इसे प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भीड़ वाले इलाकों में सुदृढ़ व्यवस्था बनाई जाएगी और जाम की समस्या पर स्थायी नियंत्रण के लिए विभागीय समन्वय के साथ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में तहसीलदार अनिल गुप्ता, खरगापुर तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा समाजसेवी एवं भाजपा मंडल से जुड़े प्रतिनिधि नंदू चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में नामांकन और वितरण योजनाओं पर जोर

- कलेक्टर के निर्देशन में अधिकारियों को समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देशन में मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकमगढ़ में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, हाई स्कूल प्राचार्य तथा जनशिक्षकों ने सहभागिता की।

बैठक में कक्षा 1 से 12 तक विद्यार्थियों के नामांकन, साइकिल वितरण, पाठ्यपुस्तक वितरण, सीएम हेल्पलाइन, अपार आईडी, ई-अटेंडेंस, जल गंगा संवर्धन और वॉश ऑन व्हील सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी एच. एस. चौहान और डीपीसी पी. आर. त्रिपाठी ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध प्रगति को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गया कि विद्यार्थियों तक शासन की सभी शैक्षणिक सुविधाएं समय पर पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैठक में विशेष रूप से स्कूलों में नामांकन बढ़ाने, पाठ्यपुस्तकों के समय पर वितरण, ई-अटेंडेंस की नियमितता और सीएम हेल्पलाइन से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर योजना अधिकारी सी. एल. अहिरवार, एडीपीसी सिद्धार्थ जैन, सहायक संचालक अक्षिता शर्मा, एपीसी शैलेष श्रीवास्तव, स्टेनो जी. आर. प्रजापति तथा आईटी सेल प्रभारी अनूप शर्मा उपस्थित रहे।

# अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी

## निरीक्षक प्रीति भार्गव को मिली पलेरा थाने की कमान



**पलेरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बढ़ रही आपराधिक घटनाओं और बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। क्षेत्र में चोरी, मारपीट, आपसी रंजिश और अन्य वारदातों में बढ़ोतरी को गंभीरता से लेते हुए निरीक्षक प्रीति भार्गव को पलेरा थाने की नई कमान सौंपी गई है।

इस निर्णय को क्षेत्र में पुलिस की सख्ती बढ़ाने और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अब अपराध और अपराधियों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

बीते कुछ दिनों में पलेरा क्षेत्र में लगातार सामने आई वारदातों से स्थानीय नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया था। रात के समय चोरी की घटनाओं, विवादों और मारपीट के मामलों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए थे। ऐसे में विभागीय स्तर पर यह बदलाव एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार नई थाना प्रभारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्र की कानून व्यवस्था को तेजी से पटरी पर लाना, लंबित प्रकरणों का निराकरण करना और सक्रिय अपराधियों पर अंकुश लगाना होगा। इसके लिए रात्रि गश्त को मजबूत करने, वारंटियों की धरपकड़ और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। निरीक्षक प्रीति भार्गव को तेज-तर्रार और कार्यकुशल अधिकारी के रूप में जाना जाता है। पूर्व पदस्थापनाओं के दौरान उनकी सख्त कार्रवाई और त्वरित निर्णय क्षमता चर्चा में रही है। इसी अनुभव को देखते हुए पलेरा जैसे संवेदनशील क्षेत्र की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। पुलिस विभाग के इस फैसले के बाद क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा को लेकर नई उम्मीद जगी है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में पलेरा थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा सकता है, जिसके तहत सक्रिय बदमाशों और वारंटियों पर लगातार कार्रवाई होगी।

### इनका कहना है......

कड़े निर्देश दिए गए हैं। कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अपराध नियंत्रण में विफलता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पलेरा में शांति भंग करने वालों के विरुद्ध अब पुलिस और अधिक कठोरता से पेश आएगी।

**मनोहर सिंह मंडलोई**
**पुलिस अधीक्षक**

# शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में सड़क पर उतरे शिक्षक



**रायसेन, देशबन्धु।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की अगुआई में जिले के शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में धरना प्रदर्शन कर वाहन रैली निकाली और अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य मांगों में शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त कराने और प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करना शामिल है। धरने को संबोधित करते हुए शिक्षक नेताओं ने शासन से सुप्रीम कोर्ट में शिक्षकों के पक्ष में पुनरविचार याचिका लगाने की मांग की। साथ ही बताया की शासन ने 20 वर्ष पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा को शून्य करते हुए 2018 से नई नियुक्ति दे दी है जो हमारे साथ घोर अन्याय है, हमारी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनाँक से की जावे। शिक्षकों ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में 11 अप्रैल को ब्लाक स्तर पर जनप्रतिनिधियों को मांगों का ज्ञापन सौंपा जायेगा, तथा आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में जंगी प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोर्चा के संरक्षक उमेश सिंह ठाकुर, अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सक्सेना, संयोजक तेग बहादुर सिंह राजपूत सचिव हरिराम विश्वकर्मा उपाध्यक्ष सीताराम रैकवार, महामंत्री रघुवीर सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष एलएन प्रधान, मीडिया प्रभारी कन्हैयालाल मालवीय, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार खत्री, जसवंत सिंह चौहान, संजय रघुवंशी, मुकेश शाक्य सहित जिले के सभी ब्लाकों से सैंकड़ो शिक्षक शामिल रहे।

# अवैध गतिविधियों पर पुलिस की सख्ती कार्रवाई, जिला बदर की प्रक्रिया शुरू




**सिलवानी, देशबन्धु।** थाना बम्होरी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए लगातार कार्रवाई जारी रखी है। पूर्व में अवैध शराब बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया था। इसी क्रम में पुलिस ने पुनः कस्बे एवं आसपास के गांवों में सक्रिय असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस द्वारा कस्बे में सट्टा खेलने वाले सुंदर, ओमप्रकाश, रिंकू एवं अतुल तथा गांवों में अवैध शराब बेचने वाले सूरज, बटन, प्रह्लाद, ब्रजेश, परसराम, मथुरा एवं मोहन के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित कर कलेक्टर कार्यालय में प्रकरण प्रस्तुत किए गए हैं। इसके साथ ही पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत दो प्रकरण दर्ज किए गए हैं। वहीं आरोपियों साबिर खान, धर्मेंद्र लोधी, जालम सिंह एवं मदन लोधी के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियानः किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुधवार को बेगमगंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कोकलपुर में प्राचीन तालाब की पाल की मरम्मत का कार्य जनभागीदारी से शुरू किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्री सौरभ मिश्रा ने ग्रामीणजनों को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए बारिश के अधिक से अधिक जल को संग्रहित करने और जल के अपव्यय को रोकने की समझाईश दी। साथ ही जल संचय की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में जल आपूर्ति योजना के संचालन पर की चर्चा





**सांची, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल अंतर्गत बारना डेम समूह जल प्रदाय योजना के तहत जनपद पंचायत सांची में क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक संस्था हेल्प रेज होल्डिंग हैंड्स टू हेल्प द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी शंकर नामदेव पांसे एवं एपीओ प्रवीण त्रिपाठी उपस्थित रहे। इसके साथ ही बीपीओ अजय असईया, एनआरएलएम ब्लॉक प्रबंधक विद्याभूषण पांडे, स्वच्छ भारत मिशन से रंजना भारत, एसक्यूसी/एएमसीएम रुचि सक्सेना एवं सुश्री माधवी रैकवार, तकनीकी विभाग से एई शिवम श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मानपुर क्लस्टर की ग्राम पंचायतों से सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता आदि की सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यशाला में जल आपूर्ति योजना के संचालन, रखरखाव एवं संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर इसकी निगरानी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जब तक योजनाओं में जनभागीदारी नहीं होगी, तब तक उनका पूर्ण लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच सकता। इस पहल से न केवल पेयजल की उपलब्धता बेहतर होगी, बल्कि योजनाओं की दीर्घकालीन सफलता भी सुनिश्चित होगी। सांची क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जल संकट के समाधान की दिशा में यह कार्यशाला एक मजबूत आधार साबित हो सकती है। भविष्य में इस तरह के आयोजनों से जल जीवन मिशन को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### मंडी में औचक निरीक्षण, किसानों के भुगतान में देरी न करने के निर्देश

**सिलवानी, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भारसाधक अधिकारी, मंडी समिति द्वारा बुधवार को कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण कर मंडी प्रांगण में संचालित व्यापारियों के इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान घोष विक्रय (नीलामी) व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने व्यापार संघ के अध्यक्ष एवं अन्य व्यापारियों के साथ बैठक कर किसानों द्वारा बेची गई उपज का भुगतान निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को उनकी उपज का मूल्य समय पर मिलना प्राथमिकता है। मंडी में किसानों तथा हम्माल/तुलावटियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही, शिकायत निवारण को प्रभावी बनाने के लिए मंडी सचिव एवं नोडल अधिकारी के मोबाइल नंबर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए।

# थाने में सजी रिश्तों की नई डोर, दूरियां मिटाकर फिर मिले दंपति

## थाना प्रभारी की सूझबूझ से टूटने से बचा परिवार, लौटी खुशियां



**टीकमगढ़ / बल्देवगढ़, देशबन्धु।** कई बार पुलिस थाने सिर्फ अपराध और शिकायतों के केंद्र नहीं होते, बल्कि टूटते रिश्तों को फिर से जोड़ने का माध्यम भी बन जाते हैं। ऐसा ही एक संवेदनशील और प्रेरक मामला बल्देवगढ़ थाना परिसर में सामने आया, जहां नवागत थाना प्रभारी चंदन शाक्य की सूझबूझ और समझाइश से पति-पत्नी के बीच बढ़ी दूरियां कुछ ही घंटों में खत्म हो गईं।

मामला ज्योति अहिरवार और मुकेश अहिरवार से जुड़ा है। ज्योति अहिरवार, निवासी चंदेरी खास, ने अपने माता-पिता पूजा अहिरवार और दीपचंद अहिरवार के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि पति द्वारा उन्हें ठीक तरह से नहीं रखा जा रहा है और वैवाहिक जीवन में लगातार तनाव बना हुआ है।

शिकायत दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी चंदन शाक्य ने मामले को सिर्फ कानूनी प्रक्रिया तक सीमित न रखते हुए दोनों पक्षों को आपसी सहमति से बैठाकर समझाने का प्रयास किया। ससुराल पक्ष के साथ गांव के बुजुर्ग और परिजन भी थाने बुलाए गए। इस दौरान परिवार के सदस्य, चाचा हरिराम, गांव के मुखिया तथा पुष्पेंद्र वंशकार, बज्जू कुशवाहा, गोकुल कुशवाहा और सुरेश अहिरवार की मौजूदगी में दोनों पक्षों की बात सुनी गई।

बताया गया कि शादी को अभी एक वर्ष ही हुआ है, लेकिन पारिवारिक और आपसी समस्याओं के कारण दोनों अलग-अलग रह रहे थे। थाना प्रभारी ने धैर्य और संवेदनशीलता के साथ दोनों को समझाया, रिश्ते की अहमियत बताई और परिवार के सहयोग से संवाद स्थापित कराया।

समझाइश के बाद दोनों ने एक-दूसरे के साथ फिर से रहने की सहमति दी। इसके बाद थाना परिसर स्थित मंदिर के सामने परिवार और पुलिस बल की मौजूदगी में पति-पत्नी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर नए सिरे से साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया।

यह दृश्य थाना परिसर में मौजूद लोगों के लिए भावुक कर देने वाला रहा। कुछ ही घंटों में रिश्तों की दूरियां मिट गईं और दोनों परिवारों ने गले मिलकर इस पहल का स्वागत किया। बाद में पति-पत्नी खुशी-खुशी अपने घर लौट गए।

## सार समाचार

### परमार की अध्यक्षता में पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय की बैठक

**भोपाल, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंगलवार को, भोपाल स्थित पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में, महाविद्यालय की साधारण सभा की बैठक हुई। मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालयीन गतिविधियों, विकास कार्यों एवं आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और विभिन्न प्रस्तावित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक वित्तीय प्राक्कलन (बजट) का अनुमोदन पारित किया गया। साथ ही संस्थान चिकित्सालय के पैथोलॉजी विभाग में ई.एम.जी./ई.ई.जी./ ईको-कॉर्डियोग्राफी/अल्ट्रा सोनोग्राफी की दरों का निर्धारण भी किया गया। बैठक में संस्थान में शिक्षण एवं चिकित्सालयीन सुविधाओं पर चर्चा की और विभिन्न बाह्य संस्थानों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री श्री परमार ने संस्थान परिसर में 5 एकड़ में विकसित हर्बल गार्डन के और अधिक विस्तार के लिए आवश्यक प्रयास करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने आदिवासी अंचलों में प्रचलित आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियों पर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अनुरूप शोध किए जाने की दिशा में कार्य करने को कहा।

बैठक में संस्थान की आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा करते हुए मंत्री श्री परमार ने, अकादमिक ब्लॉक, एनिमल हाउस, फार्मेसी भवन एवं इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की पूर्णता, यू.जी. बॉयज हॉस्टल के निर्माण प्रारंभ करने तथा चिकित्सालय में इमरजेंसी यूनिट, आईसीयू एवं एनआईसीयू की स्थापना सहित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत मंथन कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही संस्थान की प्रयोगशाला को एनएबीएल (ह्वक्क्रु) प्रत्यायन दिलाने एवं संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका के प्रकाशन पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त पी.जी. बॉयज हॉस्टल (150 सीट) एवं पी.जी. गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण प्रस्ताव, दो नए विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिये 50 अतिरिक्त शैय्याओं की वृद्धि तथा बजट, आय-व्यय एवं आवश्यक वित्तीय प्रावधानों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संस्थान की स्वयं की वेबसाइट के माध्यम से शुल्क प्राप्त करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। मंत्री श्री परमार ने, धार एवं बड़वानी जिलों में सिकल सेल रोगियों के लिए आयुर्वेदिक औषधियों के सहायक उपचार पर आधारित अध्ययन रिपोर्ट का विमोचन किया।

बैठक में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल एवं पं खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान के बीच एम.ओ.यू. (स्न्ह्र 2द्बढ्ढ ढ्ढश्व॥श्व), भोपाल मिलिट्री स्टेशन में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर संचालन के लिए एम.ओ.यू तथा भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के साथ एम.ओ.यू हस्ताक्षर किये जाने की सूचना से सामान्य परिषद् को अवगत कराया गया। बैठक में अपर सचिव आयुष डॉ. संजय मिश्र एवं संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. उमेश शुक्ला सहित साधारण सभा के विभिन्न सदस्यगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मलैया ने किया सान्दीपनि स्कूल का निरीक्षण, कहा-

## यह हमारे संभाग का सबसे उत्कृष्ट स्कूल होगा

**दमोह देशबन्धु।** दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने सान्दीपनि स्कूल के विशाल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त करेंगे। विधायक मलैया ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से जिले के अन्य विद्यालयों के निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए और विलंब की संभावित बाधाओं को दूर करने के प्रयास किए जाएं। विधायक मलैया ने बताया कि कलेक्टर ने स्कूल प्रिंसिपल को निर्देश दिए हैं कि अगला सत्र इसी सान्दीपनि स्कूल में प्रारंभ होगा। ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि उनकी ओर से पूरी तैयारी है। अभी ग्रीनीकरण, प्लांटेशन और फर्निशिंग का कार्य शेष है। उन्होने कहा, यह हमारे संभाग का सबसे उत्कृष्ट स्कूल होगा।



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि विधायक जयंत मलैया ने सान्दीपनि स्कूल का पूरा परिसर देखा और प्रगति की समीक्षा की। उनका लक्ष्य है कि नए शैक्षणिक सत्र से स्कूल प्रारंभ हो जाए। दमोह, पथरिया और जबेरा स्कूलों का लोकार्पण जुलाई में करने की योजना है। स्कूल शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग और ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। नियमित समीक्षा से कार्य समय पर पूरा होगा।

कलेक्टर कोचर ने कहा कि जिले के लिए यह ऐतिहासिक अवसर होगा कि तीन सान्दीपनि विद्यालयों के साथ मेडिकल कॉलेज भी लोकार्पण के लिये तैयार रहेगा। उन्होने कहा सभी संबंधित विभाग जोर-शोर से तैयारियां कर रहे हैं।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय पन्ना की जिला रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी की बैठक हुई। संपन्न हुई बैठक में समिति के आय के स्रोत सहित इसमें बढ़ोत्तरी के प्रयास व अन्य कार्यों के संबंध में अपेक्षित कार्य विषयक महत्वपूर्ण चर्चा की गई। समिति सदस्यों के सुझाव पर जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाने तथा मरीजों के हित में विभिन्न सुविधाओं के दृष्टिगत आवश्यक निर्णय लिए गए। सिविल सर्जन एवं समिति के सदस्य सचिव डॉ. आलोक कुमार गुप्ता द्वारा बैठक में गत बैठक के परिपालन में की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। इसके अलावा विभिन्न कार्यों की पूर्णता तथा प्रस्तावित कार्यों की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया गया। अन्य जरूरी आवश्यक कार्यों के प्रस्ताव पर भी विचार विमर्श हुआ।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने बैठक में अस्पताल परिसर एवं विभिन्न वार्डों में आवश्यक प्रबंध की जानकारी ली। उन्होंने प्रगतिरत कार्यों के बारे में पूछा तथा पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही वित्तीय सीमा के तहत आवश्यक सामग्री व उपकरण खरीदी संबंधी अनुमोदन



प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मरीज एवं उनके परिजनों के लिए समुचित एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के सुधार सहित स्टॉफ नर्स की पदपूर्ति के लिए पूर्व प्रयास तथा पोषण पुनर्वास केन्द्रों में आवश्यक समन्वय कर पुनः पोषण किट का वितरण कराने के लिए कहा। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत माहवार विभिन्न मद से आय-व्यय की जानकारी ली गई। इसके अलावा आवंटित 54 दुकानों की 4 लाख 55 हजार 672 रूपए की बकाया राशि संबंधी जानकारी भी दी गई। बैठक में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी सहित प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ. डी.पी. प्रजापति, डॉ. मीना नामदेव, डॉ. सौरभ त्रिपाठी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## जनचौपाल में शामिल होंगे सांसद शर्मा



**पन्ना, देशबन्धु।** खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा गुरूवार, 9 अप्रैल को दोपहर 1 बजे पन्ना विकासखंड की ग्राम पंचायत जरधोबा में जनचौपाल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सांसद श्री शर्मा शाम 6 बजे पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना के वार्षिक उत्सव समारोह में भी सहभागिता करेंगे। जिला कलेक्टर द्वारा समस्त कार्यालय प्रमुखों को ग्रामीणों की समस्या निराकरण के उद्देश्य से जनचौपाल कार्यक्रम में विभागीय जानकारियों के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर परिसर के सामने अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के द्वारा विशाल जन समुदाय के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। जिसमे मुख्य रूप से महत्वपूर्ण दो बिंदुओं को शामिल किया गया जिसमें शिक्षकों की टीईटी परीक्षा के संबंध में मध्यप्रदेश सरकार भी अध्यापक शिक्षक संवर्ग के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करें औरा अध्यापक शिक्षक संवर्ग की पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाशों के नगदी करण में भी उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की



गणना करके लाभ दिया जावे। ज्ञापन में सभी मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संघों के जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी की विशेष उपस्थिति रही।

## जेके सीमेंट पर अवैध उत्खनन के गंभीर आरोप

### खनिज अधिकारी की टीम ने की जांच

पन्ना, देशबन्धु। सिमरिया क्षेत्र में जेके सीमेंट कंपनी का खनन अब सवालों के घेरे में है। समाजसेवी अंकित पाठक ने कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों पर खुलेआम अवैध उत्खनन करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अंकित पाठक ने तीखे शब्दों में कहा कि कंपनी द्वारा दर्जनों किसानों की जमीन पर बिना अनुमति और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के खुदाई की जा रही है। इतना ही नहीं, वन विभाग की भूमि, शासकीय विद्यालय के लिए आरक्षित जमीन और अन्य राजस्व भूमि तक को नहीं छोड़ा गया। ग्क्या अब सरकारी जमीन भी सुरक्षित नहीं रही?यह सवाल क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे इस अंधाधुंध उत्खनन से किसानों की उपजाऊ जमीन खदानों में तब्दील हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।



यदि आरोप सही हैं तो यह न सिर्फ नियमों की धज्जियां उड़ाने का मामला है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत की ओर भी इशारा करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला खनन अधिकारी रवि पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर पंचनामा तैयार किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि जांच में भूमि किसानों या राजस्व की पाई जाती है, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंकित पाठक ने जिला कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप कर खनन पर रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क से लेकर भोपाल तक उग्र आंदोलन करेंगे। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर ठोस कार्रवाई करेगा, या फिर जांच के नाम पर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?

सामाजिक न्याय की योजनाओं में मैदानी अमले के अनुभव को शामिल किया जाएगा : कुशवाह

## वृद्धजनों को प्रदेश में धार्मिक स्थलों का भ्रमण करायेगा विभाग

**भोपाल, देशबन्धु।** सामजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि समाज कल्याण के क्षेत्र में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे किया जाए। इसमें मैदानी अमले के अनुभव को सुझावों के रूप सम्मिलित करने के लिए 16 अप्रैल को चिंतन शिविर का आयोजन भोपाल में किया जायेगा। सामाजिक न्याय विभाग, वृद्धजन को प्रदेश के धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगा। इसका तिथिवार कार्यक्रम बनाया जाए। यह निर्देश मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। मंत्री श्री कुशवाहा ने प्रदेश में वृद्धजन, दिव्यांगजन, नशा मुक्ति के क्षेत्र में संचालित संस्थाओं की कार्यप्रणाली की जांच तथा विभागीय गतिविधियों में कसावट लाने के लिए संभाग स्तर पर बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिये।



मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम, नशा मुक्ति केंद्र, डीआरसीसी केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण के किया जाए इसके लिए भोपाल स्तर से विशेष टीम गठित की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र के अनुसार नवीन राज्य दिव्यांगजन नीति, वृद्धजन कल्याण नीति और राज्य ट्रांसजेंडर कल्याण नीति तैयार की जाए। यह नीतियाँ इसी वित्तिय वर्ष में प्रदेश में लागू की जाएगी। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराए जाने पर विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं समाज के कमजोर वर्ग के लिए संचालित की जाती हैं इन योजनाओं के प्रभावित क्रियान्वयन मानवीय संवेदनाएं और सामाजिक दायित्व का भाव रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की तर्ज पर वृद्धजन के लिए जिला स्तर पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने नशामुक्ति के लिये विभागीय कला पथक दल सक्रियाता बढ़ाने के निर्देश भी दिये।

प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली पाक्षे वायंगणकर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में अब केन्द्र और राज्य की भागीदारी60ः40 के अनुपात में रखने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान प्रदेश में 55 लाख 23 हजार हितग्राहियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में 331 करोड़ 38 लाख रूपये की राशि प्रति माह वितरित की जा रही है। मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह और निकाह योजना के अंतर्गत 2025-26 में लगभग 60 हजार शादियाँ कराई गई है। नये निर्देश के तहत 2026-27 में 44 हजार से अधिक शादियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग द्वारा दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के 975 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। बैठक में उप सचिव श्रीमती अंकिता धाकरे सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षकों का उग्र प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**पन्ना, देशबन्धु।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, पन्ना के बैनर तले जिले भर के शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार और संगठित प्रदर्शन किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सायं 4 बजे से आजाद पार्क इन्द्रपुरी कॉलोनी पन्ना में बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्रित हुए। एकत्रीकरण के बाद शिक्षकों ने रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय की ओर कूच किया। रैली के दौरान टी ई टी वापस लो, शिक्षकों का सम्मान करो जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। शिक्षकों ने अनुशासित तरीके से अपनी मांगों को रखते हुए शासन का ध्यान आकर्षित किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सेवारत शिक्षकों के लिए टी ई टी परीक्षा का विरोध करते हुए सरकार से सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की गई। मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों की योग्यता पर सवाल उठाना और



उन्हें पुनः परीक्षा के लिए बाध्य करना उनके सम्मान के खिलाफ है।

कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो शिक्षक प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और राजधानी में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए सैकड़ों शिक्षकों की भागीदारी ने आंदोलन को व्यापक समर्थन प्रदान किया और यह स्पष्ट कर दिया कि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर अब पीछे हटने वाले नहीं हैं। ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपाक्स के प्रदेश अध्यक्ष के पी यादव, आजाद अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर तिवारी, जिलाध्यक्ष विद्याचरण शर्मा, पुष्पराज सिंह परमार, शेषमणि द्विवेदी, कमलेश त्रिपाठी, जितेन्द्र शर्मा ,मीना तिवारी, सीमा पाठक, अनीता चौबे, रानी तिवारी, राधा सिंगरौल, राजकिशोर शर्मा, शालिगराम पाण्डेय,नीरज पाठक, आर डी चौरसिया, सुरेंद्र सिंह परमार, सुरेश राजपूत, रामाधार चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र तिवारी, प्रवीण पाण्डेय, रामनरेश मिश्रा, रमेश सेन, रामपाल यादव, रामसेवक चौधरी, रामप्रताप सिंह, रामपाल सिंह, हनुमत द्विवेदी, देवेंद्र प्रताप सिंह, अरुण तिवारी, पुष्पेंद्र मिश्रा, सिपाही लाल, लालमणि चौधरी, फुंदा कोरी, कन्हैया कचेर सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को मिलेंगे बेहतर अवसर

## अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रगृह योजना में प्रतिमाह मिलेंगे 10 हजार रुपये : चौहान

**भोपाल, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में मंत्रि-परिषद द्वारा दिल्ली स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रगृह योजना में संशोधन करते हुए प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह 10 हजार रुपये की राशि प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि छात्रगृह योजना में प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा, जिसमें 50 स्नातक और 50 स्नातकोत्तर स्तर के नवीन विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। साथ ही पूर्व से अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी योजना का लाभ मिलेगा। इस निर्णय से अनुसूचित जाति वर्ग के अधिक विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन का अवसर मिलेगा जिससे वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे और अपने करियर को नई दिशा दे सकेंगे। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऐसी योजनाएं सामाजिक न्याय को मजबूत करने और जरूरतमंद विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।



समस्त न्यायाधीशों के साथ बैठक सम्पन्न

## लोक अदालत को सफल बनाने करें प्रयास : न्यायाधीश

**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को सम्पूर्ण दमोह जिले में वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, विद्युत, चौक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरण सहित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत को सफ्ल बनाये जाने हेतु समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय दमोह में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुये प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समस्त न्यायाधीशगण को निर्देशित किया कि वे अपने अपने न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर उनका निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करने का प्रयास करें, जिससे आमजन को त्वरित व सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। बैठक में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण के द्वारा आश्वस्त किया कि वे नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण का प्रयास करेंगे।

बैठक में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी उदय सिंह मरावी, नेशनल लोक अदालत सहित मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण भौतिक रूप से तथा तहसीलों में पदस्थ न्यायाधीशगण वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया, कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण किये जाने पर दोनों पक्षों का विवाद सदैव के लिये समाप्त हो जाता है व लोक अदालत में पारित अवार्ड के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में अपील भी नही होती है, साथ ही सिविल प्रकरणों मे लगाया गया न्याय शुल्क वापस मिलता है। आपने सभी पक्षकारों से नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों के निराकरण करने की अपील की है।

भाजपा का 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान शिविर शुरू

## हर कार्यकर्ता को सकारात्मक बदलाव लाना होगा : जामवाल




**सिलवानी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत सिलवानी, कस्बा बम्होरी एवं प्रतापगढ़ मंडलों का संयुक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को सिलवानी में प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है।

शिविर के प्रथम दिन चार सत्रों का आयोजन किया गया।उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अजय जामवाल मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने भाजपा के इतिहास एवं विकास को दर्शाती प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पश्चात श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया और प्रशिक्षण शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में अजय जामवाल ने पांच परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराया। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। प्रथम दिन के अन्य सत्रों में राजो मालवीय, डॉ. दिपेंद्र सिंह पाल, पवन दुबे तथा राकेश तोमर ने अपने-अपने विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम में भोपाल भाजपा संभाग के प्रभारी एवं नगदा विधानसभा के विधायक तेज बहादुर सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, जिला मंत्री संदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम, नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, कस्बा बम्होरी मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह लोधी, प्रतापगढ़ मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, भाजपा नेता विभोर नायक सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### सागर-छतरपुर-खजुराहो नई रेल लाईन के सर्वे को मिली मंजूरी: सांसद



**सागर, देशबन्धु।** सागर लोकसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में सागर-छतरपुर-खजुराहो-भोपाल नई रेल लाइन के सर्वे को स्वीकृति मिल गई है। इस फैसले से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में विकास की नई उम्मीद जगी है। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर क्षेत्र की सांसद लता वानखेड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति केवल एक सर्वे नहीं, बल्कि सागर सहित पूरे क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इस रेल लाइन की मांग उन्होंने लोकसभा में उठाई थी। यह परियोजना सागर को सीधे खजुराहो और आगे उत्तरप्रदेश के प्रमुख शहरों से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी का विस्तार होगा, पर्यटन विशेषकर खजुराहो को नई गति मिलेगी, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। डॉ. वानखेड़े ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह परियोजना जल्द ही गति पकड़ेगी और सागर क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचायेगी, यह स्वीकृति सागर के लिये विकास के नये युग की शुरुआत है।

### उपार्जन केंद्रों का सूची अनुसार एसडीएम स्वयं करें भौतिक सत्यापन: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** उपार्जन केंद्रों का चेक लिस्ट के अनुसार एसडीएम स्वयं करें भौतिक सत्यापन एवं सभी उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधायें अनिवार्य रूप से हो। गेहूं उपार्जन के पूर्व मॉक रन किया जाये। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जीआर ने जिला उपार्जन समिति की बैठक में दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी प्रक्रिया के लिये उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिला उपार्जन समिति के सदस्यों को अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिले में चना के लिये 27793 एवं मसूर के लिये 42063 पंजीयन किये गये हैं जिसका उपार्जन कार्य 70 केन्द्रों पर किया जा रहा है। 15 अप्रैल से 31 मई तक शुरू होने वाले गेहूं उपार्जन के लिये जिले में 77337 किसानो द्वारा उपार्जन किया गया है जो की 176 उपार्जन केन्द्रों पर अपनी फसल का विक्रय कर सकेंगे, सरसों के लिये 3500 किसानो ने पंजीयन किया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति बघेल, राजेश त्रिपाठी, रोहित बघेल सहित जिला उपार्जन समिति के सदस्य मौजूद थे।

### 5 करोड़ की स्वीकृति से बनेगा उत्कृष्ट छात्रावास, मालथौन में 4 नए आंगनबाड़ी भवन मंजूर

**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की अनुशंसा पर खुरई में शास. अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास के भवन निर्माण के लिये 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। मप्र शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा 50 सीटर छात्रावास के निर्माण को मंजूरी देते हुये 499.78 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इस संबंध में अनु. जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने विधायक भूपेन्द्र सिंह को पत्र भेजकर जानकारी दी कि उनकी अनुशंसा के आधार पर विभागीय आदेश 16 मार्च के तहत छात्रावास भवन निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विधायक श्री सिंह ने इस स्वीकृति पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री नागर सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि छात्रावास के निर्माण से अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन सुविधा मिलेगी और शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन विकासखंड में 4 नये आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिये 44.88 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्राम बम्होरी लाल ग्राम पंचायत खिरिया कलां ग्राम चौका ग्राम पंचायत बनखिरिया, ग्राम अड्डआ ग्राम पंचायत गीला, झाडिया मालथौन.2 प्रत्येक केंद्र का निर्माण 11.22 लाख रुपये की लागत से विभाग द्वारा निर्धारित डिजाइन के अनुसार किया जायेगा।

*संचालनालय के टीईटी परीक्षा आदेश के विरोध में जिले की हजारों शिक्षक हुए लामबंद*

# सागर के इतिहास में शिक्षक अध्यापकों द्वारा निकाली गई विशाल रैली

**सागर, देशबन्धु।** मप्र लोक शिक्षण संचालनालय के बहुचर्चित विसंगतिपूर्ण टीईटी परीक्षा संबंधित आदेश का बुधवार को स्वीडिश मिशन प्रांगण में एतिहासिक विरोध एवं धरना प्रदर्शन किया गया। जिला मुख्यालय में सभी विकासखंडों से लगभग पांच हजार से ज्यादा शिक्षको ने एकत्रित होकर अपने आस्तित्व को बचाने के लिये हुंकार भरी। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक आलोक गुप्ता एवं शैलेन्द्र सिंह गंभीरिया ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि शासन द्वारा हमारी पच्चीस वर्षों की सेवा पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुये जो विसंगतिपूर्ण आदेश जारी किया गया है उसके कारण शिक्षक संवर्ग में असंतोष का ज्वालामुखी अब फटने को है और इसी संदर्भ में आज जिले से शिक्षक साथी स्वीडिश मिशन स्कूल में तीन बजे एकत्रित हुये और



कलेक्ट्रेट परिसर तक रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुये संयुक्त मोर्चा के बैनर तले ज्ञापन सौंपा और इसी तारतम्य में 11 अप्रैल को मप्र के सभी ब्लॉकों में एवं 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में लाखों की संख्या में शिक्षक भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देंगे। संयुक्त मोर्चा ने समस्त शिक्षक साथियों से इस आर पार के अभूतपूर्व संघर्ष में बढ़चढ़ कर शामिल होने पर आभार व्यक्त किया। बुधवार के प्रदर्शन डॉ. राजेंद्र यादव, पं. राम मिलन मिश्रा, धर्मेंद्र दुबे, सुरेंद्र पराशर, बलवंत यादव, मुकेश नेमा, राजकुमार कपूर, आलोक गुप्ता, राकेश राजपूत, शैलेंद्र सिंह ठाकुर गंभीरिया, राकेश शांडिल्य, चुरामन रैकवार सहित जिले के समस्त विकासखंडों से हजारों की संख्या में शिक्षक शामिल हुये।

## एसडीएम कार्यालय के बाहर महिलाओं ने लगाए नारे

**मंदिर-कॉलेज के पास शुरू हुई शराब की दुकान, रहवासियों को समझाने पहुंची पुलिस**



**खुरई, देशबन्धु।** बीना रोड स्थित मिशन अस्पताल के पास बुधवार को शराब दुकान खोलने पहुंचे कर्मचारियों का महिलाओं ने विरोध किया। महिलाओं ने दुकान नहीं खुलने दी, जिसके बाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने पर खुरई देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर मामला शांत कराया। इसके बाद महिलायें एसडीएम कार्यालय पहुंची और एसडीएम के बाहर आने में देरी होने पर एसडीएम साहब बाहर आओ के नारे लगाये। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र में शराब दुकान नहीं खुलने देंगी। महिलाओं ने बताया कि बीना रोड पर स्वामी विवेकानंद वार्ड में शराब दुकान के लिये जगह तय की गई है। यह दुकान पहले खजउ तलैया के पास खोली जा रही थी, लेकिन वहां भी विरोध के बाद इसे बीना रोड पर स्थानांतरित किया गया। मंगलवार को इस मुद्दे पर चक्काजाम किया गया था और बुधवार को वार्ड के लोगों ने शराब दुकान के बाहर प्रदर्शन किया, जिसके बाद वे एसडीएम कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे। ज्ञापन में कहा कि प्रस्तावित शराब दुकान के पास कॉलेज, अस्पताल, मंदिर और एक रिहायशी क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग के परिवार रहते हैं। वार्डवासियों का मानना है कि शराब दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब होगा, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ेगा और शांति भंग होगी। उन्होंने यह भी चिंता व्यक्त की कि इससे बच्चों और बच्चियों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होगी तथा आये दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होगी। सभी वार्डवासियों ने मांग की है कि शराब दुकान का लाइसेंस रद्द किया जाये और जिस भूमिस्वामी ने जगह किराये पर दी है, उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जाये।

### तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को सौंपे नवीन कार्यभार

**सागर, देशबन्धु।** प्रशासकीय कार्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी आर ने जिले में पदस्थ तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के स्थानांतरण आदेश जारी किये। जारी आदेश के अनुसार ऋतु राय, प्रभारी तहसीलदार को तहसीलदार खुरई, डॉ. राकेश अहिरवार तहसीलदार को अधीक्षक भू.अभिलेख, देवी प्रसाद चक्रवती, तहसीलदार को तहसीलदार केसली, विजयकांत त्रिपाठी प्रभारी तहसीलदार को तहसीलदार शाहगढ़, कैलाश कुर्मी, प्रभारी तहसीलदार को अपर तहसीलदार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कार्यालय सागर नगर, हरीश लालवानी नायब तहसीलदार को नायब तहसीलदार केसली किया गया स्थानांतरण निरस्त कर सहायक अधीक्षक भू.अभिलेख, ज्ञानचंद्र राय, प्रभारी नायब तहसीलदार को नायब तहसीलदार बण्डा, हरिओम नायक प्रभारी नायब तहसीलदार को नायब तहसीलदार खुरई, रतन सिंह गौड़ प्रभारी नायब तहसीलदार को नायब तहसीलदार केसली, सुशील खरे प्रभारी नायब तहसीलदार को नायब तहसीलदार गढ़ाकोटा का कार्यभार सौंपा गया।

### एनएसएस स्वयंसेवकों की सराहनीय पहल विद्यार्थियों व पक्षियों के लिए जल व्यवस्था



**सागर, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के स्वयंसेवकों ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुये एक प्रेरणादायी पहल की है। प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता की प्रेरणा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह एवं अभिलाषा जैन के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुये महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिये पीने के पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पानी से भरे मटके रखे गये, ताकि भीषण गर्मी में विद्यार्थियों को शीतल जल सुलभ हो सके। साथ ही पर्यावरण एवं जीव जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता दर्शाते हुये पक्षियों के लिये आवास की व्यवस्था की गई तथा उनके लिये दाना-पानी के सकोरे भी स्थापित किये गये। इस मानवीय और पर्यावरणीय पहल से महाविद्यालय परिसर में सेवा और सह अस्तित्व का संदेश प्रसारित हुआ। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही राज्यस्तरीय शिविर में सहभागिता करके लौटी स्वयंसेवक चंचल अहिरवार का इस पूरे आयोजन में विशेष योगदान रहा। उनके उत्साह और समर्पण ने अन्य स्वयंसेवकों को भी प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने इस कार्य की सराहना करते हुये कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करती है, बल्कि विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी विकसित करती है।

### संत रविदास वार्ड में काली कमेटी ने विधायक का किया सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** संत रविदास वार्ड स्थित श्री देव भूतेश्वर काली कमेटी के सदस्यों ने विधायक शैलेंद्र जैन के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया एवं आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि विधायक जैन द्वारा काली कमेटी को अपनी ओर से टीन शेड प्रदान किया गया है, जिससे समिति के आयोजन एवं गतिविधियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इसके लिये समिति के सदस्यों ने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी धीरे-धीरे अपनी सनातन संस्कृति और परंपराओं से दूर होती जा रही है। दुर्गा उत्सव, गणेश उत्सव, दशहरा जैसे धार्मिक आयोजन हमारी आने वाली पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन आयोजनों में सक्रिय युवाओं का उत्साहवर्धन करना हम सभी का दायित्व है, ताकि हमारी परंपरायें निरंतर आगे बढ़ती रहें। यदि आज हम युवाओं को प्रोत्साहित नहीं करेंगे, तो भविष्य में इन सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाना कठिन हो जायेगा। इस दौरान समिति अध्यक्ष प्रभुदयाल साहू, सोनू सोनी, सुमित यादव, मुकेश सोनी, मुकेश सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### स्व. पद्मश्री पं. रामसहाय पांडे की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**सागर, देशबन्धु।** स्व. पद्मश्री पं. रामसहाय पांडे की प्रथम पुण्यतिथि पर समस्त क्षेत्रवासियों एवं उनके चाहने वालों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पं. रामसहाय पांडे न केवल एक विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी थे, बल्कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज, संस्कृति एवं कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके विचारों, कार्यों और मूल्यों ने समाज को एक नई दिशा प्रदान की, जिसे सदैव स्मरण किया जायेगा। उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने समाज के उत्थान हेतु निरंतर प्रयास किये और अपनी प्रतिभा के माध्यम से देश का नाम गौरवान्वित किया। पद्मश्री सम्मान से अलंकृत होकर उन्होंने अपने कार्यों की अमिट छाप छोड़ी। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनसमूह ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उनके दिखाये मार्ग को अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुये कहा कि वे सदैव हमारे दिलों में जीवित रहेंगे।

## चोरी हुई 2 भैंस को छुड़ाने गए 2 युवकों को चोरों ने जमकर पीटा



**शाहगढ़, देशबन्धु।** शाहगढ़ थाना क्षेत्र के नारायण पुरा गांव से सात दिन पहले दुधारू दो भैंस को अज्ञात चोर चुरा कर ले गये। घर पर बंधे भैंसों के दोनों बछड़े दूध से व्याकुल उनका मां से बिछड़ने से घर पर उनका रुंधन को देखकर मवेशी पालक नीलेश यादव इधर उधर तलाश किया और शाहगढ़ थाने में भैंस चोरी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। सूत्रों से पता चला कि छतरपुर जिले के मडदेवरा पंचायत के खेरा गांव में चोरी की दोनों भैंस देखी गई है। बुधवार को नीलेश यादव, पप्पू यादव और महेश यादव तीनों खेरा गांव गये, उन्होंने अपनी दोनों भैंस की पहचान कर उन्हें वापिस करने की बात कही लेकिन भैंस चोर चुराई गई भैंसों को वापस नहीं कर रहे थे। चोरी और ऊपर से सीना जोरी करते हुये चोरों ने लाठियों से मवेशी पालक पप्पू और महेश दोनों की जमकर पिटाई कर दी और मौके से भाग गये। चोरों द्वारा मारपीट करने की सूचना मिलने पर नारायण पुरा गांव से बड़ी संख्या में परिजन भी पहुंच गये तब तक चोर मौके से भाग गए। पिटाई से गंभीर रूप से घायल हुये पप्पू और महेश को शाहगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उन्हें सागर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर भैंस को चोरी और मारपीट करने वाले नामजद आठ लोगों पर शाहगढ़ थाने में नीलेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई। भैंस की चोरी और युवकों से मारपीट करने में शामिल खेरा गांव निवासी फालतू यादव, भागीरथ यादव, नत्थू यादव, उपदेश, जगत आदि सभी लोगों की तलाश कर रही है।

### विधायक ने उच्च शिक्षा मंत्री परमार से भेंटकर विभिन्न विषयों पर की चर्चा



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने भोपाल प्रवास के दौरान मप्र शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से सौजन्य भेंट कर उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विधायक जैन ने शास. कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय में ई.लाइब्रेरी की स्थापना का विषय भी प्रमुखता से उठाया, जिससे छात्राओं को आधुनिक डिजिटल संसाधनों का लाभ मिल सके और उनकी पढ़ाई और अधिक प्रभावी बन सके। विधायक ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों का विस्तार और तकनीकी सुविधाओं का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। मंत्री इंदर सिंह परमार ने उठाये गये विषयों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

## युवक का पेड़ पर लटका मिला शव, पड़ोसी से विवाद के बाद था लापता

**खुरई, देशबन्धु।** देहात थाना क्षेत्र के गढौला जागीर गांव में एक युवक का शव बुधवार को पठार पर स्थित एक पेड़ से लटका मिला। युवक मंगलवार शाम से लापता था। परिजनों ने पड़ोसी से विवाद के बाद युवक के लापता होने का आरोप लगाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान सोनू पिता मोतीलाल साहू 32 निवासी गढौला जागीर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार शाम से सोनू घर से लापता था। उसकी तलाश के दौरान किसी ने सूचना दी कि पास के पठार पर स्थित खिन्नी के पेड़ पर उसका शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को फंदे से उतारा। इसके बाद शव को नगर पालिका के शांति वाहन से पोस्टमार्टम के लिये सिविल अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार सोनू की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी गर्भवती है और दो महीने बाद ही बच्चे का जन्म होने वाला था। मृतक सोनू साहू के बड़े भाई जुगल साहू ने आरोप लगाया कि मंगलवार को सोनू की पत्नी और पड़ोसी की महिलाओं के बीच विवाद हुआ था, इस विवाद में सोनू भी शामिल था। विवाद के बाद सोनू घर छोड़कर चला गया था। जुगल साहू का कहना है कि इसी विवाद के कारण सोनू ने अपनी जान दे दी। सिविल अस्पताल में भर्ती घायल कुसुम रानी ने बताया कि मंगलवार रात को पड़ोसी जयकुमार साहू उसकी पत्नी और मां उनके घर आकर विवाद करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुसुम रानी की बहू उर्मिला उनके बेटे को फंसा रही है। इस बात से इनकार करने पर साहू परिवार ने उन पर हमला कर दिया, जिससे कुसुम रानी और एक अन्य महिला घायल हो गई। खुरई देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## मालथौन ब्लॉक में कागजों में दौड़ रहा स्कूल चलें अभियान



**मालथौन, देशबन्धु।** एक ओर सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर मैदानी स्तर पर शिक्षकों की मनमानी इन दावों की पोल खोल रही है। ताजा मामला विकासखंड मालथौन के संकुल केंद्र रजवांस का है, जहां बुधवार को सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुये शिक्षक समय से पहले ही स्कूलों में ताला डालकर घर रवाना हो गये। शैक्षिक सत्र 2026-27 के आगाज के साथ ही स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि शिक्षकों को निर्धारित समय तक विद्यालय में मौजूद रहना अनिवार्य है। इसके बावजूद पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला सागौनी और प्राथमिक विद्यालय रड़ोंन रैयतवारी ग्रंट में शिक्षकों की भारी लापरवाही देखने को मिली। यहां विद्यालय समय समाप्त होने से पहले ही बंद पाये गये। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां देर से आना और जल्दी जाना एक प्रथा बन चुकी है।

> इस संबंध में बताया कि जो स्कूल समय से पहले बंद हो जाती है समय के बाद खुलती उन स्कूलो के शिक्षको को नोटिस जारी किये जायेंगे।
>
> -नरेश राय, बीआरसी मालथौन

**नींव हो रही कमजोर**

प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की शिक्षा को बच्चों के भविष्य की नींव माना जाता है। यदि शुरुआत में ही शैक्षणिक गतिविधियों का यह हाल रहा, तो बच्चों का भविष्य कैसे संवरेगा। जब इस संबंध में शिक्षकों से जानकारी लेनी चाही, तो वे इधर-उधर के कामों का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आये।

**आदेशों की अवहेलना**

शिक्षा विभाग के कड़े निर्देश हैं कि हर हाल में स्कूल पूरे समय तक खुलने चाहिये और शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसके बावजूद मालथौन ब्लॉक के इन स्कूलों में शिक्षकों की मनमर्जी शासन के आदेशों पर भारी पड़ रही है। ग्रामीणों ने विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि ऐसे लापरवाह शिक्षकों पर सख्त कार्यवाही की जाये ताकि स्कूल चले हम अभियान महज एक कागजी औपचारिकता बनकर न रह जाये।

## आपकी महापौर आपके द्वार और जनचौपाल का संतकबीर वार्ड में 13वां शिविर संपन्न

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा महापौर संगीता तिवारी के निर्देशानुसार नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संचालित आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल अभियान के अंतर्गत संतकबीर वार्ड में 13 वां शिविर हनुमान मंदिर के पास आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने सहभागिता करते हुये अपनी समस्यायें दर्ज कराई, जिनमें से कई का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिये। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से न केवल नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण हेतु अनेक योजनायें संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र नागरिक योजनाओं से वंचित न रहे। नागरिकों से स्वच्छता में सहयोग की अपील करते हुये कहा कि घरों से निकलने वाला कचरा कचरा वाहनों में ही दें और सड़कों पर न फैलायें, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण में सागर शहर को शीर्ष स्थान दिलाया जा सके। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने कहा कि नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से महापौर द्वारा यह पहल प्रारंभ की गई जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और जनता की समस्याओं का शिविर में ही निराकरण किया जा रहा है जिससे लोगों को परेशान नहीं होना पड़ रहा है। एमआईसी सदस्य धमेंद्र खटीक ने कहा कि महापौर द्वारा प्रारंभ की गई यह पहल सराहनीय है, जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पा रहा है। शिविर में सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुये समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान महापौर द्वारा पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत स्वरोजगार हेतु 15 हजार रुपये का चेक भी हितग्राही को प्रदान किया गया। शिविर में एमआईसी सदस्य, पार्षद सहित अधिकारी कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।